दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्क्रीनिंग.........

कबीर के साथ घर बसाने वाली हैं.......

वर्ष : 11 | अंक : 62 | लखनऊ, 18 फरवरी, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# हमारा अर्थशास्त्र, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है : सीएम योगी



**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा 7500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है?

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आयी है जिसमें उन्होंने महाकुंभ को कथित तौर पर फालतू करार दिया था। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या अगर 60 करोड़ तक पहुंचती है तो उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सवा तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन अवसंरचना है।

अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों (विपक्ष) को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने मान लिया था कि आस्था में ताकत नहीं है, लिहाजा दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। गुलामी के कालखंड में यह बात मन में डाली गई कि भारतीय को कमतर करके आंकों, उसे महत्वहीन कर दो। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पहली बार भारतवासियों को अहसास कराया कि देश से जुड़े जीवन मूल्यों, आस्था तथा उत्पाद को महत्व देकर हम स्वयं की महत्ता को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, दूसरों की उपलब्धियों के बजाय पूर्वजों की विरासत पर गौरव की अनुभूति करेंगे तो दुनिया को बहुत कुछ दे पाएंगे।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री ने कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने लिखा, सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, गरीबों, पिछड़ों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारतरत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में हुआ था, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है। आज ही के दिन 17 फरवरी, 1988 को पटना में उनका निधन हुआ था। कर्पूरी ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता तथा किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के हितैषी थे।

## महाकुंभ 2025 के कारण लिया बड़ा फैसला

### भीड़ के कारण प्रयागराज के स्कूलों में 20 फरवरी तक कक्षाएं स्थगित

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ अब कुछ ही दिनों में समाप्त होने वाला है। इसके समापन से पहले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस कारण शहर का यातायात जाम हो गया है। अधिकारियों ने जाम की स्थिति और खराब ना हो इसके लिए अहम फैसला किया है।

अधिकारियों ने कक्षा 8 तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का फैसला किया है। अब स्कूल 20 फरवरी तक बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि छात्र छुट्टी पर रहेंगे, लेकिन शिक्षक और कर्मचारी डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण), आधार सीडिंग और यूडीआई जनरेशन जैसे आवश्यक प्रशासनिक कार्यों को करने के लिए स्कूल आते रहेंगे।

प्रवीण कुमार तिवारी ने एक पोस्ट में कहा, जिलाधिकारी प्रयागराज के निदेर्शानुसार कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यालयों की कक्षाएं 17 से 20 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन संचालित की जाएंगी। समस्त शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय कार्य संपादित करेंगे। समस्त सुसंगत लोक आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी

तिवारी ने आगे बताया कि यह निर्णय जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मंदर के निर्देशों के तहत लिया गया है। निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू है और इसका सख्ती से पालन करना अनिवार्य किया गया है।

### प्रयागराज में ट्रैफिक जाम

महाकुंभ की भीड़ के कारण प्रयागराज में सड़कें लगातार जाम हो रही हैं। कुछ सड़कों पर कई किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम लगा हुआ है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफ्टी 23,696.30

## ठाणे में 2.21 लाख रुपये का गुटखा जब्त, एक गिरफ्तार

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक इमारत से 2.21 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा जब्त किया है और इसका अवैध भंडारण करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने शनिवार दोपहर को अंबेवाड़ी स्थित एक इमारत के एक कमरे में छापा मारा और परिसर से गुटखे का भंडार बरामद किया। उन्होंने बताया कि टीम ने प्रतिबंधित पदार्थ के अवैध भंडारण और बिक्री के आरोप में मोहम्मद नदीम मोहम्मद फहीम मंसूरी (22) को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 123 (अपराध करने के इरादे से जहर आदि के माध्यम से नुकसान पहुंचाना), 223 (लोक सेवक के विधिवत आदेश की अवज्ञा) और 275 (हानिकारक भोजन या पेय की बिक्री) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## विकास पहलों ने पूरे भारत में आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश में जारी विकास पहलों ने आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। आदि महोत्सव, 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। मुर्मू ने कहा, हमारे देश का वास्तविक विकास तभी होगा जब हमारे आदिवासी समुदाय आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास पहलों ने अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात और जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक के आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों ने न केवल आदिवासी परिवारों को अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि उनकी संस्कृति और योगदान के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा इन प्रयासों का मूल है, जिससे आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सकेगा।

मुर्मू ने यह भी कहा कि शिक्षा के अवसरों को और बढ़ाने के लिए लगभग 250 नए एकलव्य स्कूल निमार्णाधीन हैं। उन्होंने कहा कि लाखों आदिवासी छात्र छात्रावास सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और उन्हें विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है।

मुर्मू ने कहा, शिक्षा किसी भी समाज के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और यह बहुत संतोष की बात है कि 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) देश भर में 1.25 लाख आदिवासी बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने के लिए आदिवासी बहुल क्षेत्रों में 30 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। आदि महोत्सव, एक वार्षिक उत्सव है, जो आदिवासी विरासत, शिल्प और उद्यमशीलता का जश्न मनाता है और आदिवासी परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

**संक्षिप्त समाचार**

## उप्र : अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर दो कारों की टक्कर, बुजुर्ग महिला की मौत, 14 घायल

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर नरहरपुर चौराहे के पास रविवार को दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में 68 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि 14 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद अयोध्या लौट रहे तीर्थयात्रियों से भरी एक कार सामने से आ रही दूसरी कार से टकरा गयी। इस घटना में कुल 15 लोग जख्मी हो गये। दूसरी कार में बैठे लोग अयोध्या से प्रयागराज जा रहे थे। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां क्रांति देवी (68) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना की विस्तृत जांच जारी है।

## मैसूरु में एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

कर्नाटकः कर्नाटक के मैसूरु में एक घर में सोमवार को एक परिवार के चार लोग मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शहर के विश्वेश्वरैया नगर में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चेतन (45), उनकी पत्नी रूपाली (43), उनके बेटे कुशाल (15) और चेतन की मां प्रियंवदा (62) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि संदेह है कि चेतन ने अपने परिवार के सदस्यों को जहर दिया और फिर खुद फांसी लगा ली।

## रेलवे स्टेशन भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

### एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के आलोक में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भीड़ प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश और उपाय तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रयागराज जहां महाकुंभ चल रहा है। वहां जाने के लिए ट्रेनों में चढ़ने का इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी।



याचिका में कहा गया है कि भगदड़ शनिवार देर रात उस समय हुई जब हजारों लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के इंतजार में जमा थे।

याचिकाकर्ता के अनुसार, हाल ही में प्रयाग में कुंभ मेले में हुई भगदड़ सहित ऐसी कई भगदड़ें हुई हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि संसाधनों का आम आदमी के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि केवल कुछ वीआईपी के लिए ही उपयोग किया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि आज हमारे पास पर्याप्त बल हैं, स्वयंसेवक हैं, हमारे पास तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है और फिर भी ऐसी घटना घटती है तो यह खेदजनक स्थिति है। कुछ लोगों या वीआईपी लोगों के लिए सरकार सभी प्रौद्योगिकी और खुफिया जानकारी तैनात कर सकती है, लेकिन आम लोगों के लिए उन्हें भगवान की दया पर छोड़ दिया जाता है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को हल्की गोलीबारी हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुलपुर सेक्टर में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एलओसी के पार जंगली इलाके से भारतीय सेना की चौकी पर गोलीबारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी थोड़ी देर में रुक गयी। उन्होंने बताया कि भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाकिस्तानी सेना का हाथ है या फिर जंगल में छिपे आतंकवादी थे, जो मौके की तलाश में भारत में घुसने का इंतजार कर रहे हैं।

## दिल्ली चुनाव के परिणामों से पार्टी कार्यकर्ता निराश न होकर आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखेंः मायावती

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और पूरे जोर-शोर से आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें। बसपा प्रमुख ने कहा कि दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा ही बनकर रह गया, जिसके चलते वहां के बहुजनों की स्थिति सुधरने वाली नहीं लगती है।


मायावती ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा की तथा दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में आगे के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एक बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, हरियाणा की तरह, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और आम आदमी पार्टी की जबरदस्त राजनीतिक चालबाजी व जुमलेबाजी हावी रही और इस कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि पार्टी के लोगों को इससे निराश न होकर आंबेडकरवादी संघर्ष पूरे तन, मन, धन से जारी रखना है।

## गौतम अदाणी ने तारापुर महाराष्ट्र साइट का किया दौरा

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की जानकारी ली

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकी और इसके परिचालन पहलुओं की जानकारी हासिल करने के लिए तारापुर महाराष्ट्र साइट (टीएमएस) का दौरा किया। तारापुर परमाणु ऊर्जा स्टेशन (टीएपीएस) ने यह जानकारी दी। टीएमएस में दो परमाणु ऊर्जा स्टेशन हैं। प्रतिनिधिमंडल में अदाणी एनर्जी, अदाणी ग्रीन और समूह के ऊर्जा रणनीति प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। तारापुर परमाणु ऊर्जा स्टेशन (टीएपीएस) की ओर से जारी बयान के अनुसार, रविवार को दौरे पर आए अधिकारियों को भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।




भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और साइट प्रबंधन ने जानकारी देने वाले बल का नेतृत्व किया। बयान में कहा गया, अदाणी समूह के अधिकारियों को टीएपीएस 3 व 4 संयंत्र क्षेत्रों का दौरा कराया गया, जहां उन्हें संयंत्र संचालन का विस्तृत विवरण दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रमुख प्रौद्योगिकी पहलुओं, सुरक्षा उपायों और भारत के ऊर्जा बदलाव में परमाणु ऊर्जा की भूमिका के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का प्रस्ताव रखा और इस क्षेत्र में अनुसंधान के लिए 20,000 करोड़ रुपये के परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की, ताकि 2033 तक पांच छोटे तथा मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित किए जा सकें।

## असम समझौते पर केंद्रीय पैनल की रिपोर्ट के 38 बिंदुओं पर असम सरकार, आसू एकमत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) असम समझौते पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिप्लब कुमार शर्मा समिति की रिपोर्ट की 38 सिफारिशों पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। शर्मा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि खंड छह की रिपोर्ट में 52 सुझाव थे और बैठक में उनमें से 39 पर विचार किया गया। उन्होंने कहा, हम 52 में से 38 सिफारिशों पर सहमति पर पहुंच गए हैं, जिन्हें जल्द ही लागू किया जाएगा। शेष 14 सुझावों के लिए हमें और समय चाहिए तथा भविष्य में इस पर चर्चा की जाएगी। शर्मा ने कहा कि सर्वसम्मति से लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों में विद्यालयों में अनिवार्य रूप से असमिया पढ़ाना, चार क्षेत्रों (नदी के किनारे के वनस्पति द्वीप) का सर्वेक्षण करना और अंग्रेजी के साथ असमिया में सरकारी अधिसूचनाएं प्रकाशित करना शामिल है।

## मोदी ने ट्रंप को निर्वासित भारतीयों के मामले में जनाक्रोश से अवगत नहीं कराया: जयराम

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि हाल में जब वह अमेरिका यात्रा पर थे तब उन्होंने अपने परम मित्र डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका से निर्वासित किये गये भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ कर भेजे जाने से पैदा हुए आक्रोश के बारे में नहीं बताया। इस महीने अब तक दो अमेरिकी सैन्य विमान भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचे हैं। ऐसा अवैध प्रवासन के विरूद्ध कार्रवाई के ट्रम्प प्रशासन के वादे के तहत किया गया है। अमेरिका से एक और निर्वासन उड़ान रविवार रात को अमृतसर पहुंचने वाली है। कई निर्वासित लोगों ने दावा किया कि उड़ान में उन्हें बेड़ियों में जकड़कर रखा गया था। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अमेरिका से निकाले गए भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ जाने की खबरों का




हवाला देते हुए कहा, यह पूरी तरह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने अपने परम मित्र (ट्रंप) को अमेरिका से भारतीय नागरिकों को निकाले जाने के तरीके पर हमारे देश की नाराजगी से अवगत नहीं कराया। केवल कायर ही 56 इंच के सीने का दावा करते हैं। शनिवार देर रात 116 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा। इन निर्वासितों में से पुरुषों ने दावा किया कि यात्रा के दौरान वे बेड़ियों में जकड़े हुए थे और सिख युवक कथित तौर पर बिना पगड़ी के थे। एक अमेरिकी सैन्य विमान पांच फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अमृतसर हवाई अड्डे पर निर्वासित लोगों को लेकर अमेरिकी विमानों के पहुंचने के मामले में केंद्र पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पवित्र शहर को निर्वासन केंद्र ना बनाएं।

## संक्षेप

### सरोजनीनगर और बंथरा में अलग अलग जगह से चोरों ने बाइक की पार, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा और सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों 1-1 बाइक चोरी हो गई। पीड़ितों ने इस मामले में सम्बन्धित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है।बंथरा गांव में रहने वाले राज पांडेय के मुताबिक वह 15 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे बंथरा हनुमान मंदिर के पास अपनी टीवीएस बाइक (यूपी 32 पीडी 8051) खड़ी कर ऑटो का पंचर पहिया बनवाने थोड़ी दूर गया था। करीब 30 मिनट बाद वापस लौटा तो बाइक वहां से गायब मिली। इसी तरह बंथरा के नीवां में रहने वाले संतोष कुमार के मुताबिक वह 1 फरवरी को रात करीब 9 बजे सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में जायसवाल ढाबे के सामने अपनी बाइक (यूपी 32 पीएल 7207) खड़ी कर ढाबे पर खाना पैक कराने लगा। इसी बीच चोर उसकी बाइक उठा ले गए। फिलहाल पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के जरिए चोरों की तलाश में जुट गई है।

### चोरों ने हजारों की नकदी सहित ज्वैलरी पर किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे चोरो ने एक बंद मकान में घुस हजारों की नकदी सहित ज्वैलरी पर हाथ साफ कर फरार हो गए।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित संगम बिहार कनौसी निवासी यश त्रिपाठी पुत्र अनूप त्रिपाठी वह बीते 14 फरवरी की शाम को अपने दोस्त के साथ कानपुर गये थे और 16 फरवरी की सुबह उन्हें जानकारी मिली की उनके घर में ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा हुआ है।जब वह लोग घर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था और सामान चोरी हो चुका था। वहीं पीड़ित के अनुसार चोरों ने उनके घर से चार हजार रुपए कैश सहित ज्वैलरी चोरी गई है। जिसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से की है।पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# कृषि विभाग ने कीटनाशक की चार दुकानों पर मारा छापा, जारी की नोटिस

## एक्सपायर बीज, कीटनाशक दवा मिलने पर दुकान होगी सील: तेग बहादुर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृषि विभाग की टीम ने क्षेत्र में नकली कीटनाशक की बिक्री रोकने के लिए छापामार अभियान चलाया। इस दौरान चार दुकानों की जांच की। प्रपत्रों के अभाव में चार दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है।

सोमवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेंद्र सिंह ने मलिहाबाद के अमानीगंज माल रोड स्थित चार कीटनाशक पेस्टिसाइड यादव पेस्टिसाइड, आशा कीटनाशक स्टोर, जय दुर्गा किसान केंद्र, और अहमद पेस्टिसाइड दुकानों पर छापेमारी की।



कीटनाशक केंद्र को नोटिस जारी करते जिला कृषि अधिकारी

इस समय आम की फसल का छिड़काव का समय चल रहा है। किसानों को नकली कीटनाशकों की बिक्री व कालाबाजारी रोकने के लिए छापामार कार्रवाई की गई है। कृषि विभाग टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि इन दुकानों में लाइसेंस पर बिना अंकन/अनुमति (अथॉरिटी) के कुछ कीटनाशक रसायनों की धड़ल्ले से प्रिंट दामों पर खुले आम बिक्री की जा रही थी। जब मांगने पर भी दुकानदार टीम को सत्यापन के लिए जरूरी अभिलेख नही दिखा पाये तब इस तरह की गंभीर अनियमितता के मद्देनजर दुकान संचालकों को मौके ही कारण बताओ नोटिस जारी कर इस तरह के कीटनाशकों की बिक्री पर अगले आदेशों तक सख्ती से रोक लगा दी गई है।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार को मलिहाबाद में चार कीटनाशक उत्पादकों, दुकानों व गोदामों पर छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया लोग अपनी अपनी दुकानों का शटर गिरा कर भाग निकले।इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आज से शुरू हुए इस अभियान के तहत क्षेत्र की कीटनाशक दुकानों की जांच कर पाई गई अनियमितताओं को लेकर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत के चुनावों में अमेरिका देता है दखल, बसपा मुखिया मायावती ने लगाया गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने अमेरिका द्वारा भारत को दी जाने वाली मदद को रोकने के फैसले के संदर्भ में चौंकाने वाला दावा किया है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद समीक्षा बैठक की और कार्यकताओं और नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद जारी एक बयान में बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि अमेरिका से यह खबर काफी चौकाने वाली है कि भारत के वोटरों की संख्या को बढ़ाने के नाम पर 21 मिलियन डालर की भारी भरकम धन मिलती रही है।देश के लोगों को इससे जरूर चौकन्ना हो जाना चाहिए कि कहीं यह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में हस्तक्षेप तो नहीं है और अगर है तो इससे किसको लाभ मिलता रहा है। अमेरिका में अवैध प्रवासी बताकर सैकड़ों भारतीयों को हथकड़ी व पांव में बेड़ी डालकर लगातार घर वापस किए जाने की घटना को बसपा मुखिया मायावती ने अति दुखद व चिन्तनीय बताया।मायावती ने कहा कि अमेरिका जैसे मित्र देश से ज्यादातर पंजाब, हरियाणा, गुजरात व उत्तर प्रदेश आदि राज्य के रहने वाले भारतीय नागरिकों की इस अमानवीयता से घर वापसी के प्रति केन्द्र की सरकार को उचित संज्ञान लेकर इसका समाधान निकालना चाहिए। बता दें कि अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग ने भारत के चुनाव से जुड़ी 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रद्द कर दिया है।कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इसे लेकर भाजपा को घेरा। राशिद अल्वी ने आशंका जताते हुए कहा कि इसकी भारत में भी जांच होनी चाहिए और सच्चाई सामने आनी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा उम्मीदवारों ने जनता के बीच भारी मात्रा में पैसा बांटा, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर ध्यान नहीं दिया

# सपा विधायकों संग कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान पहुंचे अखिलेश

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को अचानक अपने विधायकों के साथ कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान पहुंचे।

अखिलेश के संस्थान पहुंचते ही निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट कार्यालय छोड़कर चले गए। ऐसे में संस्थान के सीएमएस और कुलसचिव डॉ. शरद ने स्थिति संभाला और सपा अध्यक्ष को कई विभागों और इमरजेंसी का दौरा कराया।

पूर्व मुख्यमंत्री शाम करीब पांच बजे कैंसर संस्थान पहुंचे। वह सबसे पहले प्रशासनिक भवन गए। यहां निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट से मुलाकात करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद संस्थान के सीएमएस और कुलसचिव डॉ. शरद से भेंट किया।

डॉ. शरद ने सपा अध्यक्ष को इमरजेंसी और अन्य विभागों का दौरा कराया। अखिलेश ने जी-9 और जी-5 बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। उनके साथ दो दर्जन से अधिक सपा



विधायक भी थे। ओपीडी भवन, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी और रेडियोथेरेपी समेत दूसरे विभागों के कामकाज की भी जानकारी ली।इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंचे और इलाज संबंधी जानकारी ली। वार्ड के आसपास तीमारदार फर्श पर बैठे मिले। तीमारदारों से इलाज व सुविधाओं के बारे में पूछा। तीमारदारों ने रैन बसेरा बनाने की बात कही, क्योंकि संस्थान में ठहरने के कोई इंतजाम नहीं हैं।

अखिलेश यादव ने कहा, अगर कोई बीमार हो जा रहा है तो सही समय पर सही दवाई और इलाज का इंतजाम सरकार नहीं कर पा रही है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार के लिए भी पता नहीं लोगों को कहां-कहां जाना पड़ रहा है। सपा शासनकाल में कैंसर संस्थान बना, ताकि प्रदेशभर के गंभीर रोगियों को इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई ना जाना पड़े।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संस्थान में रैन बसेरा जैसी सुविधा तक तो कर नहीं पाई है, क्या इलाज मुहैया कराएगी।

# सदिग्धं परिस्थितियों में घर के अंदर पड़ा मिला महिला का शव

(निगोहां थाना क्षेत्र के भद्दीखेड़ा गांव के बाहर बने एक घर में सदिग्धं परिस्थितियों में पड़ा मिला महिला का शव, ग्रामीणो ने जताई हत्या की आंशका)

संवाददाता



मोहनलालगंज।निगोहां थाना क्षेत्र के भद्दीखेड़ा गांव में सोमवार को एक महिला का शव सदिग्धं परिस्थितियों में घर पर पड़ा मिला।पति की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।आजमगढ जनपद के थाना कप्तानगंज क्षेत्र के अराव गुलजार निवासी राजेश यादव अपनी पत्नी पूनम यादव(32वर्ष) व पांच वर्षीय मासूम बेटी परी के साथ निगोहां के भद्दीखेड़ा गांव के बाहर बने अपने मकान में रहता था।पति राजेश ने बताया किसी बात को लेकर उसका पत्नी पूनम से झगड़ा हो गया जिसके बाद वो घर से बाहर चला गया तो नाराज पत्नी पूनम नें फांसी लगाकर जान दे दी? पत्नी का फोन ना उठने पर घर पहुंचकर देखा तो पत्नी का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा था, जिसके बाद उसने मासूम बेटी को कोचिंग पढाने वाले टीचर को मौके पर बुलाकर रस्सी काटकर शव को फंदे से नीचे उतारा।लेकिन घटना की सूचना कई घंटो बाद पुलिस कन्ट्रोल रूम पर दी।जिसके बाद थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कि जांच पड़ताल फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल। बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा गया है, पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### छः साल पहले किया था प्रेम विवाह...

राजेश यादव ने अपनी पहली पत्नी को छोड़कर 2019 में पूनम यादव के साथ प्रेम विवाह किया था, जिसके चलते उसके परिजनो बहुत नाराज थे ओर घर से निकाल दिया था जिसके बाद उसने निगोहां के भद्दीखेड़ा गांव के बाहर जमीन लेकर घर बनवाया था ओर पत्नी पूनम व मासूम बेटी के साथ रहता था, राजेश ने बताया विदेश में रहकर काम करता था ओर बीते महीने ही घर वापस आया था।जिसके बाद से आये दिन उसका पत्नी से किसी ना किसी बात को लेकर झगड़ा होता था।

### ग्रामीणो ने जतायी हत्या की आंशका...

ग्रामीणो ने बताया पति राजेश का अक्सर पत्नी पूनम से झगड़ा होता था, आशंका है झगड़े के बाद उसने पत्नी की हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देते हुये फांसी लगाने की बात लोगो से बताई है।इसी लिए उसने घटना के कई घंटो बाद पुलिस को सूचना दी।

# पति ने पत्नी की हत्या का कराया मुकदमा दर्ज, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर में रविवार को बेड पर संदिग्ध हालत में मृत पड़ी मिली 28 वषीर्या विवाहिता पूजा राजपूत के मामले में मृतका के पति ने मोहनलालगंज के अहमद खेड़ा में रहने वाले सूरज यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। लेकिन पुलिस को अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका है। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सहित पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं जो आरोपी के घर के अलावा उसकी रिश्तेदारियों में छापेमारी कर रही हैं। लेकिन फिलहाल अभी तक आरोपी हाथ नहीं लग सका है। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज मृतका के मायके वालों ने पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही बिजनौर में सड़क पर शव रखकर रोड जाम की सुबह योजना बना डाली। लेकिन पुलिस को भनक लगी तो सुबह से ही मृतका के मायके में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई, जो दिन भर तैनात रही। उधर बाद में मृतका के परिजनों ने शव मायके ले जाने वाली योजना बदल दी और शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव मृतका की ससुराल मोहनलालगंज के गनेश खेड़ा ले जाकर वहीं उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि उसकी मौत कैसे हुई ? इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मालूम हो कि बिजनौर के घसियारी मोहल्ला में रहने वाली पूजा की शादी दिनेश लोधी के साथ हुई थी। पूजा के करीब 8 वर्षीय बेटी दिव्या उर्फ राखी भी है। मगर बीते कुछ समय से दिनेश अपनी बेटी व पत्नी को लेकर ससुराल में किराए पर रहने लगा। दिनेश मजदूरी करता है, जबकि पूजा बिजनौर स्थित सीआरपीएफ गेट के पास सरयू विहार कॉलोनी में घरों में झाड़ू पोछा का काम करती थी। वहां मोहनलालगंज क्षेत्र का रहने वाला सूरज पूजा से मिलने आता था। इसको लेकर पूजा ने कॉलोनी में किराए पर एक कमरा ले लिया था। शनिवार शाम पूजा काम करने के बाद घर नहीं लौटी तो घर वालों ने उसे फोन किया। लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ। अगले दिन रविवार को भी कई बार फोन करने के बाद फोन नहीं रिसीव हुआ तो मायके वाले उसे तलाशते उसके कमरे तक पहुंचे। जहां पूजा कमरे के अंदर बेड पर मृत पड़ी मिली। उसके गले में कसाव के निशान थे। इस घटना के बाद मृतका के पति ने सूरज के खिलाफ बिजनौर थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



### समाजसेवी व भाजपा मंडल अध्यक्ष नें किया टूर्नामेंट का शुभारम्भ

संवाददाता

मोहनलालगंज।निगोहां क्षेत्र के पुराहिया गांव में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ग्रामीण क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज हुआ।टूनार्मेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी नवीन मिश्रा व भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री राम दुलारे मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद फीता काटकर किया।मुख्य अतिथियो ने टूनार्मेंट में मैच खेलने आयी टीमो के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुये पिच में उतरकर बैटिंग और बॉलिंग की।टूनार्मेंट में पहला मैच पुराहिया व खुदीखेड़ा क्रिकेट टीमो के बीच खेला गया जिसमें पुराहिया टीम ने मैच जीता व दूसरा मैच लवल टीम ने जीता।आयोजन प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी ने मुख्य अतिथियो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।आयोजन प्रभाकर त्रिवेदी ने बताया छः दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट में दर्जन भर से अधिक ग्रामीण टीम हिस्सा लेगी, 23 फरवरी को क्रिकेट टूनामेंट के समापन पर विजेता व उपविजेता टीमो को ट्राफी व नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर लल्लन मिश्रा, सुरेन्द्र त्रिवेदी, पत्रकार जय शुक्ला, प्रशान्त त्रिवेदी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# चलती एंबुलेंस में अचानक लगी आग, एंबुलेंस चालक ने कूद कर बचाई अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार रात एक चलती एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। चालक जब तक कुछ समझ पाता, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे दहशत में आकर चालक एंबुलेंस से कूद कर नीचे भाग खड़ा हुआ और स्टार्ट एम्बुलेंस जलती हुई कुछ दूर तक चली गई। बाद में घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने आनन फानन आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित शहीद पथ तिराहे से कुछ दूर शहीद पथ रोड के किनारे ट्रांसपोर्ट नगर में पीताम्बर डायग्नोस्टिक सेन्टर है। उसकी एम्बुलेंस यहीं के मुंशी खेड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाला अभिषेक



यादव चलाता है। अभिषेक सोमवार रात करीब 8 बजे औरंगाबाद की तरफ से अकेले ही एंबुलेंस लेकर आ रहा था। तभी ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग नंबर 10 स्थित लेबर चौराहे के पास एंबुलेंस से तेज धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगी। तेज आग लगी देख चालक अभिषेक आग की लपटों के साथ चलती हुई एंबुलेंस से आनन फानन कूद कर नीचे भाग खड़ा हुआ। बाद में उसके पहिए के आगे पत्थर डालकर उसे रोका और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बल्कि आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। बताते हैं कि एम्बुलेंस सीएनजी और पेट्रोल युक्त होने के कारण उसका सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और पास में रखी पान की गुमटी भी आग की चपेट में आकर धू-धू कर जलने लगी। वहीं सूचना के बाद सरोजनीनगर फायर स्टेशन से एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने आनन फानन आग पर काबू पा लिया। हालाकि तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। उधर आग लगने का कारण एंबुलेंस में शार्ट सर्किट बताया बताया जा रहा है।

# मां-बाप की हत्या के आरोपी बेटे को 48 घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

संवाददाता

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली गांव में झगड़े के बाद बुजुर्ग मां-बाप की हथौड़े से पीट पीट कर हत्या करने के आरोपी बेटे वृषकेत को घटना के 48घंटे बाद भी पुलिस गिरफ्तार करने में नाकाम रही।आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लगायी गयी आधा दर्जन से अधिक पुलिस टीमो ने रविवार से लेकर सोमवार तक प्रतापगढ़, उन्नाव, रायबरेली, लखनऊ जनपदो के दो दर्जन से अधिक सम्भावित ठिकानो पर दबिश भी दी लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नही कर सकी हैं।पुलिस टीमो ने सोमवार को जबरौली गांव पहुंचकर पत्नी, भाई समेत पड़ोसियो से भी पुछताछ की।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया हत्यारोपी वृषकेत शर्मा की गिरफ्तारी के लिये उसकी फोटो लगे पम्पलेंट बनवाकर रेलवे स्टेशन, बस स्टाप समेत सार्वजनिक स्थानो पर चिपकाये गये है ओर आस-पास जनपदो के थानो पर भी पम्पलेंट भेजे गये. आरोपी पर ईनाम घोषित करने के लिये डीसीपी को रिपोट भेजी गयी है।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया आरोपी की पत्नी मोनी ने पुछताछ में बताया देवर की शादी धूमधाम से करने के लिये ससुर जगदीश शर्मा दस बिस्वा जमीन बेचना चाह रहे थे लेकिन पति वृषकेत चाहता था जमीन ना बिके जिसको लेकर उसका कई बार सास-ससुर से झगड़ा भी हुआ था।बीते शनिवार की देर रात जमीन का सौदा कराने के लिये प्रापर्टी डीलर आया था, जिसे घर से निकलता देख पति का पारा चढ गया ओर वो घर आने के बाद सास-ससुर से झगड़ने लगा ओर गुस्से में घर के अंदर रखा हथौड़ा उठाकर लगाकर ताबड़तोड़ वार कर दोनो को मौत के घाट उतार दिया।पुलिस की माने तो हत्या की असली वजह आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगी।

ग्रामीणो ने बताया हैवान बने बड़े बेटे वृषकेत ने अपने माता पिता की बेहरमी से हत्या कर दी।जानकारी होने पर छोटा बेटा देवव्रत अस्पताल से लेकर अन्तिम संस्कार होने तक घर में रूका लेकिन बड़े भाई वृषकेत की दहशत के चलते सोमवार को किसी से बिना कुछ बोले चुपचाप लखनऊ चला गया।

बुजुर्ग मां-बाप की हत्या करने वाले बेटे की पत्नी द्वारा पुलिस को बताई गयी वजह किसी के गले नही उतर रही थी, जब कि आरोपी बेटा भी ये जानता था बुजुर्ग पिता ने एक साल पहले बेची गयी जमीन का सारा पैसा मकान बनाने में लगा दिया था ओर अब छोटे भाई की शादी मे ठीक ठाक पैसा खर्च होना था बिना जमीन बेचे शादी कर पाना सम्भव भी नही था. से में उसका जमीन ना बेचने को लेकर माता पिता की बेहरमी से हत्या करना कोई ठोस वजह नही है।सूत्रो की माने तो आरोपी वृषकेत के घर गांव के किसी से व्यक्ति का आना जाना था जिसे वो एकदम पसंद नही करता था, बीते शनिवार को घर आने पर उक्त व्यक्ति को घर से निकलता देख वो आगबबूला हो गया ओर बुजुर्ग मां-बाप से भीड़ गये ओर बोला तुम्हारे रहते ये व्यक्ति कैसे आया ओर जिसके बाद माता-पिता से उसका झगड़ा हुआ ओर गुस्से में आकर उसने दोनो की हत्या कर दी।

# अयोध्या, काशी और मथुरा बन रहे वेडिंग डेस्टिनेशन

## होटल-लॉन बनने को 30% तक अनुदान देगा पर्यटन विभाग

संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या, काशी और मथुरा... हिंदू संस्कृति में तीनों ही स्थल धर्म-आध्यात्य, प्रेम, मयार्दा और समर्पण के प्रतीक हैं, जो दार्शनिक और वैवाहिक मूल्यों का संदेश देते हैं। पिछले कुछ समय में इन स्थानों पर बाहर से आकर विवाह करने का प्रचलन बढ़ा है।

विशेषकर अयोध्या और वाराणसी में आयोजनों की संख्या में अधिक बढ़ोतरी हो रही है। पर्यटन विभाग अब इन स्थलों को प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके लिए विशेष अनुदान देकर मैरिज लॉन, होटल सहित अन्य वैवाहिक स्थलों को विकसित किया जाएगा। पर्यटन विभाग के अधिकारी संबंधित व्यवसायियों के साथ प्रति सप्ताह बैठक करेंगे।



### मथुरा में आकर लोग कर रहे हैं विवाह

पर्यटन विभाग के अनुसार, काशी में भव्य कोरिडोर और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद से डेस्टिनेशन मैरिज करने वालों की पसंद में परिवर्तन नजर आ रहा है। मथुरा में भी लोग बाहर से आकर विवाह आयोजन कर रहे हैं। पर्यटन विभाग प्रमुखता के साथ वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में इन स्थलों को प्रचारित कर रहा है।

## बंदरों के आतंक,से ग्रामीण,बुजुर्ग बच्चे परेशान

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर खालसा में बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है. बंदर दौड़कर लोगों को काट रहे हैं. आतंक इतना है कि बंदरों के डर से लोग छत से कूद जाते हैं बंदर घर में घुसते ही घर का सामान खा जाते हैं फल वाले पेड़ों को भी तहस-नहस कर देते हैं. हालत यह है कि महिलाओं को खाना बनाते समय डंडा लेकर बैठना पड़ता है. एक सप्ताह में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कई लोगों को काट चुके हैं . यही एक गांव नहीं है ऐसे तमाम गांव में बंदरों के झुंड रातों दिन घूमते रहते हैं लोगों पर हमला करने के साथ ही बंदर घरों में रखकर खाने पीने की चीजों को भी अपना निशाना बना रहे हैं कीमती चीजों को बंदर घरों से उठा कर ले जाते हैं बंदरों के आतंक से भयभीत महिलाओं को खाना बनाते समय डंडा लेकर बैठना पड़ता है बंदरों से बचने के लिए पहले परिजन देते हैं बंदरों का डर इतना है कि छतों पर जाने वाले जीना के दरवाजे तक में ताला लगा दिया गया है।

## ठूठ बनकर रह गया हैंडपंप, ग्रामीणों के सामने पेयजल का संकट

उन्नाव। विकासखंड औरास के मवई गांव में पेयजल की गंभीर समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। गांव में स्थापित हैंडपंप में चेन टूटी होने के कारण लोगों ने रस्सी बांधकर जुगाड़ किया है। सरकार द्वारा हैंडपंप स्थापना पर लाखों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद उचित रखरखाव के अभाव में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है ।स्थानीय निवासियों का कहना है कि हैंडपंप में पानी का स्तर घंटों में नीचे चला जाता है, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन की उदासीनता पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है ।मामले में जब औरास खंड विकास अधिकारी दीपशिखा वर्मा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम विकास सचिव को भेजकर स्थिति की जांच करवाई जाएगी और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## महिला ने अपने ससुरलीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र आदमपुर भासी गांव निवासी पुष्पा पुत्री सुरेश ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के चंदौली बुजुर्ग गांव निवासी दीपक के साथ 5 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी जिसमे हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया गया था लेकिन ससुराल में दहेज को लेकर पति दीपक, सास गंगा दुलारी, नंद मोनी, नंदोई रोहित आए दिन गाली गलौज सहित दहेज को लेकर मारपीट करते है, पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की थी जिसपर पुलिस ने चार लोगो पर मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास ननद, नंदोई चार लोगो पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# तीन दिवसीय शास्त्रीय विधि विधान पश्चात अपने स्थान पर बिराजे बाबा

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बाबा बिल्लेश्वर की खंडित हुई मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा आज पूर्ण हो गई ।काशी से आए विद्वानों ने शास्त्रीय विधि विधान से मूर्ति का पूजन किया ।इससे पूर्व आयोजकों ने शिव लिंग को विभिन्न तीर्थों की यात्रा करवाई खास यह कि स्थापना से पूर्व हजारों शिव भक्त वाहनों से भोले की बारात लेकर भवरेश्वर मंदिर पहुंचे जहां बाद पूजन पुनः मंदिर आकर पूर्ति की स्थापना की गई। तहसील मुख्यालय से तीन किमी दूर बाबा बिल्लेश्वर का मंदिर अत्यंत पुराना है किवदंती यह कि शिव मूर्ति का पहला पूजन महाभारत काल में अश्वस्थामा ने किया था ।आज भी पहला पूजन राजा विक्रमादित्य करते हैं। दुखद यह कि अति प्राचीन और लाखों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र मंदिर पर एक सिरफिरे ने गए माह हमला कर बाबा की मूर्ति खंडित कर दी थी यही नहीं इसी आरोपी ने एक दिन में अन्य पांच मंदिरों की मूर्तियां तोड़ दी थी ।बाबा की खंडित मूर्ति स्थल पर बाबा पुनः भव्य रूप में बिराजे क्षेत्र के होनहार व्यवसाई युवा संदीप शुक्ल पुत्र सुरेश शुक्ल ने नेतृत्व संभाला उनके साथ तमाम शिव भक्त साथ आए नतीजा बाबा को अपने स्थान पर आसीन करने का सपना आजळ साकार हो गया। बतातें चलें कि तत्कालीन तहसील दार, सेवानिवृत अपर जिलाधिकारी/ प्रमुख आचार्य राधेश्याम पाठक के नेतृत्व में आचार्यों की टीम ने विधि विधान से स्थापना कार्य पूर्ण किया ।स्थापना से पूर्व हजारों की संख्या में शिव भक्त अपने अपने वाहनों पर सवार डी जे और बैंड बाजे के साथ हर हर महादेव के गगन भेदी नारे लगाते हुए भवरेश्वर मंदिर पहुंचे इससे पूर्व राह के पांच मंदिरों में बाबा बिल्लेश्वर की पूजा करवाई गई उल्लेखनीय है कि बाबा के भव्य आयोजन का हिस्सा बनने की बेताबी हर किसी में दिखाई दे रही थी बाद दोपहर बाबा की बारात यात्रा पुनः मंदिर आकर समाप्त हुई ।यात्रा में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता, पीसी मिश्र, सुरेश शुक्ल, दिनेश पांडेय, मनोज राजपूत, संतोष तिवारी, गुड्डू कोटेदार, संजय गुप्ता, छुन्नी गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव, अमन शुक्ल, राजू गुप्ता, संजय त्रिपाठी, रज्जन यादव आदि रहे। शिव भक्तों को किसी मुश्किल का सामना न करना पड़े मुख्य आयोजक संदीप शुक्ल व उनकी टीम ने पूरा ध्यान रखा पूर्व से घोषित आयोजन की सफलता में स्थानीय प्रशासन ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी क्षेत्राधिकारी अजय सिंह, उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर सुबह से ही मंदिर परिसर में मौजूद रहकर यात्रा की निगरानी की सुरक्षा के लिहाज से पुरवा, मौरावां, असोहा, बीघापुर के थानाध्यक्षों के अलावा आधा सेक्शन पीएससी जवान भी लगाए गए थे।

# सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव में राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन योजनांतर्गत (NBHM) के तहत वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में कुल 25 प्रगति शील कृषक एवं एफपीओ से जुड़े हुए सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा पोपिन कुमार सहायक प्रोफेसर एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय हरियाणा थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा गौ माता जी के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया गया। डा जय कुमार यादव नोडल मधुमक्खी पालन प्रोजेक्ट ने बताया कि कृषकों एवं एफपीओ से जुड़े हुए सदस्यों के लिए उद्यम स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजनांतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम नेशनल बी बोर्ड नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा पोपिन कुमार ने किसानों को बताया कि मधुमक्खी पालन करके आप अपने फसलों की उत्पादकता भी बढ़ा सकते हैं जिससे आपकी फसल अच्छी तो होगी ही साथ ही साथ शहद का भी उत्पादन होगा। डा ए के सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किसानों को बताया कि मधुमक्खी पालन करके कैसे अपने आय को बढ़ा सकते हैं। डा अर्चना सिंह वैज्ञानिक गृह विज्ञान ने शहद के प्रसंस्करण एवं उससे तैयार होने वाले उत्पाद के बारे में जानकारी दी। डा धीरज कुमार तिवारी इंचार्ज कृषि विज्ञान केंद्र ने बताया कि किसान भाई मधुमक्खी पालन कब कैसे और कहां शुरू करें विस्तार से चर्चा किया। इंजी रमेश चंद्र मौर्या वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी ने मधुमक्खी पालन में उपयोग होने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी दी। डा जय कुमार यादव वैज्ञानिक पौध संरक्षण एवं नोडल मधुमक्खी पालन प्रोजेक्ट ने बताया कि किसान भाईयों को मधुमक्खी पालन का उद्यम स्थापित करने के लिए किन किन सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है और मधुमक्खी पालन करने के लिए कौन सी प्रजाति की मधुमक्खी का चयन करें, साथ ही साथ मधुमक्खियों के बाक्सों में लगने वाले रोग एवं कीटो का प्रबंधन कैसे करें विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम में डा ए के सिंह, डा अर्चना सिंह, डा धीरज कुमार तिवारी, इंजी. रमेश चंद्र मौर्य, डा विनीता सिंह, शांतनु सिंह अनुभव सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# पत्नी ने किया कोर्ट केस, पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। किसान का शव नीम के पेड़ से लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस सहित परिवार को सूचना दी ।मृतक किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, ग्रामीणों के अनुसार पत्नी से अनबन के चलते मृतक गुमसुम रहता था।

कोतवाली क्षेत्र के काशीराम खेड़ा गांव निवासी छोटे लाल गौतम 35 वर्ष पुत्र महादेव का शव सोमवार सुबह पांच बजे घर के बाहर नीम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी मे लटका देख ग्रामीणों में हलचल मच गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है ।मृतक खेती किसानी व मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक विवाहित था 8 माह से पत्नी से अनबन चलने के कारण अपने मायके औरास गहराव में ही रह रही थी मृतक के अभी कोई संतान नहीं थी ।मृतक पिता का एकलौता बेटा था ।मृतक के पिता महादेव ने बताया कि मृतक की पत्नी श्रीमती ने न्यायालय मे मुकदमा डाला था जिसकी कल शाम नोटिस आई थी ।मुकदमे की आज पहली तारीख लगी थी ।जिसको लेकर कल शाम से ही परेशान था।

कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि जानकारी होने पर पुलिस को भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पस्ट हो पाएगा

# अज्ञात कारणों से लगी चार घरों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर द्वितीय पोस्ट डौडियाखेड़ा में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे चार घरों को गृहस्थी जलकर राख हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ने के घर मे 6 छप्पर, 5 चारपाई, 5 रजाई गद्दा 6 कुंतल गेहूँ, 1 कुंतल चावल, बैंडबाजे की सामग्री आदि, बाबू के यहाँ 4 छप्पर, 2 तखत, 3 कुंतल गेंहू, 50 kg चावल आदि तो वही वेदप्रकाश के यहाँ 1 छप्पर चारपाई, गैंहू चावल आदि दैनिक उपयोग की सामान जलकर राख हो गयी है तीनो परिवार बैंडबाजे के कार्य करते हैं अब सभी का सामान जल जाने से परिवार की जीविका चलाने का संकट आ गया है आग लगने की सूचना ग्रामीणों को जब हुई तो मोहल्ले व समाजसेवियों ने अपने अपने स्तर से संशाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया समाजसेवी दिलीप सिंह राठौर, बबलू, सुरेश, माखन ,अरुण, मनीष, माखन, बाबुवा पांडेय आदि के भरसक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका नही तो आग विकराल रूप ले लिया था फायर ब्रिगेड की गाड़ी गाँव पहुँचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।


# बार एसोसिएशन के चुनाव में 1392 अधिवक्ता करेंगे मतदान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। एल्डर्स कमेटी ने अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है, जिसमें कुल 1392 वकीलों को मतदान का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा 229 ऐसे अधिवक्ता हैं, जिनके पास या तो सीओपी नंबर नहीं है या फिर एआईबी परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाणपत्र नहीं है। ये वकील तभी वोट डाल सकेंगे जब चुनाव से पहले या चुनाव के दिन अपने जरूरी दस्तावेज जमा करेंगे ।एल्डर्स कमेटी के सदस्य प्रकाश कुमार निगम ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। नामांकन शुल्क निर्धारित कर दिया गया है। चुनाव प्रचार के लिए कुछ स्थानों को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है, जिनमें स्व. मनोहर सिंह अरोड़ा हॉल, स्व. हरि प्रकाश सिंह मेमोरियल हॉल, पुराना हवालात परिसर और वाहन स्टैंड शामिल हैं ।कमेटी ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर या किसी भी तरह की प्रचार सामग्री लगाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। साथ ही चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुशासनहीनता करने वाले प्रत्याशियों पर भी जुमार्ना लगेगा। एल्डर्स कमेटी का मानना है कि इन नियमों से चुनाव शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न होंगे ।अंतिम सूची जारी कर दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद न हो। साथ ही, मतदान प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं। चुनाव अधिकारी प्रकाश कुमार निगम ने कहा कि सभी प्रत्याशी और अधिवक्ता चुनाव नियमों का पालन करें। यदि कोई उम्मीदवार या उसके समर्थक नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कानपुर कैंट की एक महिला ने एसपी दीपक भूकर को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी 25 वर्षीय बेटी के साथ हुए दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्नाव के एबी नगर निवासी बलवीर सिंह ने शादी का झांसा देकर युवती को फंसाया और लगभग 6 साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा ।पीड़िता की मां के अनुसार, बलवीर के दोस्त दीपक ने भी उसकी बेटी का यौन शोषण किया और धोखे से अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। विरोध करने पर दीपक ने धमकियां दीं। जब पीड़िता ने बलवीर के परिवार - मामा विक्रम सिंह, मां सुमित्रा, बहन संगीता और मौसी पुष्पा सिंह से मदद मांगी, तो उन्होंने अपमानित कर भगा दिया। इतना ही नहीं, विक्रम सिंह ने भी पीड़िता से छेड़छाड़ की ।मामले को दबाने के लिए बलवीर और दीपक ने आर्य समाज में शादी का रजिस्ट्रेशन करवा दिया। विक्रम सिंह ने 25 लाख रुपये की मांग की और बलवीर को अलग करने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने 10 फरवरी 2025 को आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे उसकी मां ने बचा लिया ।एसपी के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस ने बलवीर समेत छह आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्र के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# भौकाल बनाने के लिए युवक ने तमंचे के साथ स्टेटस, वीडियो किया वायरल जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजाबर थाना क्षेत्र निवासी युवक ने अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया है. वीडियो वायरल होते ही लोग अलग-अलग तरह के कमेंट कर रहे हैं. साथ ही बेहटा पुलिस को सोशल मीडिया पर टैग कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं. पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है. कार्रवाई भी की जाएगी.मौजूदा समय में युवक दिल्ली में रह रहा है ।वही से वीडियो को स्टेटस पर लगाया गया था जो आज सोमवार शाम तीन बजे वायरल हो गया है।

दरअसल सोमवार को एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसमें एक युवक अवैध तमंचे को अपने हाथ में लेकर आराम के साथ बंद कमरे में खुद ही वीडियो बनाते हुए प्रदर्शन कर रहा है। तथा तमंचे की नाल को चूम कर आराम से इधर-उधर लहराता दिख रहा है। वायरल वीडियो को बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव मोहलिया निवासी एक युवक द्वारा बनाकर खुद ही सोशल अकाउंट पर वायरल करने की बात कही जा रही है. हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जबकि वायरल वीडियो की पुष्टि हिंदी दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है।

# डीसीएम ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार


उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में रविवार शाम को भुवनेश्वर सरोसी संपर्क मार्ग पर सामने से आ रहे डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी ।मृतक की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के सिलौली गांव निवासी रमेश (पुत्र शंकर) के रूप में हुई है। वह बाइक से चकलवंशी की ओर जा रहे थे। फिरोजपुर कला गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।



ग्रामीणों ने चालक का पीछा किया, लेकिन वह सरोसी गांव की ओर भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के जेब से मिले मोबाइल फोन की मदद से परिजनों को घटना की जानकारी दी गई ।थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को मोर्चरी हाउस पहुंचे परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। मृतक की बाइक पर लगे झोले में एक लुंगी और शादी के कार्ड बरामद हुए हैं।

# तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा गांव में रविवार रात एक तिलक समारोह दुखद घटना में बदल गया। समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में 25 वर्षीय रवि की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब परियर के धोबियन पुरवा निवासी विष्णु और जगदीश अपनी बेटियों प्रीति और शीतल का तिलक चढ़ाने के लिए परिवार के साथ आए थे ।समारोह में सभी लोग खाना खा रहे थे, तभी रिश्तेदार रामविलास का बेटा जीतू वहां पहुंचा और देसी कट्टे से फायरिंग करने लगा। अचानक चली गोली प्रीति के भाई के साले रवि के सीने में जा लगी। गोली लगते ही समारोह में अफरा-तफरी मच गई और खुशियां मातम में बदल गईं ।घायल रवि को तुरंत काशीराम अस्पताल कानपुर ले जाया गया, जहां अधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मृत्यु हो गई। फायरिंग के बाद आरोपी जीतू मौके से फरार हो गया। जाजमऊ चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर राजेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी की तलाश शुरू की ।पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वहां ताला लगा मिला। पुलिस जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। घटना के बाद समारोह में आए सभी रिश्तेदार डर के माहौल में अपने घर लौट गए। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंदिर के पीठाधीश्वर ने दो युवकों पर दर्ज कराया सुसंगत धाराओं में मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। मां ज्वाला देवी मंदिर के पीठाधीश्वर ने दो लोगो पर गाली गलौज जान से मारने सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई ,पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

लखनऊ जनपद के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र बरिगांव एलडीए कालोनी निवासी मां ज्वाला देवी मंदिर के पीठाधीश्वर अशोक महाराज ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रामपुर अखौली गांव में मां ज्वाला देवी मंदिर स्थित है ।जिसमें पुजारी सोमा कुमार को गांव के ही अभिमन्यु यादव व अनिरुद्ध सिंह यादव दोनो लोग पुजारी व मुझे जातिसूचक गाली देकर जान से मार देने की धमकी देते है , व मेरी छवि को खराब करने के लिए आए दिन ऑनलाइन फर्जी शिकायत करते है। व अन्य लोगों के नाम से फर्जी शिकायत करते हैं। पीठाधीश्वर की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ जान से मार देने की धमकी सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है ।कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि पीठाधीश्वर की तहरीर पर गांव के ही दो लोगो पर गाली गलौज ,जान से मारने सहित एससीएसटी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**पीठाधीश्वर अशोक महराज को अदम्य साहस एवं वीरता के लिए भारत सरकार, तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति द्वारा जीवन रक्षा एवं पदक व प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा चुका है।**

# बच्चों ने यमराज बनकर बिना हेलमेट वालों को दी सीख

## शाहजहांपुर में चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, सड़क सुरक्षा को लेकर एक अनूठी पहल की गई। जहां सहयोग संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने यमराज और चित्रगुप्त का किरदार निभाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ अपराजिता सिंह ने किया। चिंताजनक आंकड़ों के अनुसार, शाहजहांपुर में पिछले एक वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में 400 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए, स्कूली बच्चों ने यमराज बनकर चौराहों पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोका। उन्हें चित्रगुप्त के पास ले जाकर उनका रजिस्टर दिखाया। इतना ही नहीं, टीम ने बिना हेलमेट वाले राहगीरों को हेलमेट भी वितरित किए। शाहनवाज खान ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को भी बनाए रखता है। कार्यक्रम में भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, समाजसेवक विनय अग्रवाल और यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सम्पादकीय

# अपने हितों की रक्षा के साथ अमेरिका से गहरे हों रिश्ते

अवैध प्रवासियों की वापसी के तरीके को लेकर भारत में अमेरिकी रवैये की हो रही आलोचना और मोदी और ट्रंप की वार्ता से ठीक चंद घंटे पूर्व टैरिफ पर अमेरिका के जैसे को तैसा फैसले के बीच भारत और अमेरिका ने कूटनीतिक समझदारी दिखाते हुए तनावपूर्ण भूराजनीतिक स्थिति में आपसी ट्रेड व सामरिक हित को अपने द्विपक्षीय रिश्ते के केंद्र में रखा है। शायद पहली बार अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए तेल व गैस के निर्यात व अपने खास फाइटर प्लेन देने की इच्छा जताई है। भारत और अमेरिकी सरकार की तरफ से आई खबरों के मुताबिक, मोदी व ट्रंप के बीच रक्षा, ऊर्जा व ट्रेड क्षेत्र के सभी अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अवैध प्रवासियों को भेजने के तरीके, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, रक्षा डील, रेसीप्रोकल टैरिफ और तेल व गैस आपूर्ति आदि शामिल हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। इंडो-यूएस आपसी ट्रेड को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर सालाना पर पहुंचाने के समझौते पर सहमत हुए हैं। दोनों मुल्क शुल्क दर में कमी लाने और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के लिए आपसी वार्ता करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पीएम की इस यात्रा का कूटनीतिक व सामरिक महत्व है। सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र की जुगलबंदी दोनों मुल्कों के हित में है। भारत ने संतुलन बनाते हुए अमेरिका के साथ-साथ रूस, चीन, यूरोप के साथ संतोषप्रद संबंध बनाए रखा है। भारत और अमेरिका के बीच रूस व यूक्रेन जंग, आतंकवाद के मुद्दों पर भी बात हुई है। भारत ने एक बार फिर से शांति के साथ रहने की अपनी बात दोहराई है। ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्तित्व के नेतृत्व में अमेरिकी हित के बीच में मेक इन इंडिया ब्रांड को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना भारत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ से विश्व में ट्रेड वार बढ़ने की संभावना बढ़ सकती है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क से प्रभावित होकर अमेरिकी नीतियों को आकार दे रहे हैं। इससे अमेरिका एक ग्लोबल इंक की तरह व्यवहार करते दिख रहा है, जबकि अमेरिका की प्रतिष्ठा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने की रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु करार से बाहर आना, अमेरिकी सरकारी खर्चे में कटौती के लिए कदम उठाना आदि के चलते अमेरिका के हित को ही दीर्घावधि में नुकसान पहुंचेगा। भारत जैसे विकासशील देशों को अपने बाजार विश्व व्यापार नियमों का पालन करते हुए भी सोच समझकर ही खोलना होगा। भारत किसी देश के हित के लिए अपने सुरक्षित बाजार को डंपिंग यार्ड में कभी भी तब्दील नहीं करेगा। आपसी व्यापार संबंध पूरी तरह से 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने में भारत को छूट नहीं देगा, यह राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत को अमेरिका के सामने डटे रहना होगा, अपनी नाराजगी कड़ाई से जतानी होगी, अपने हितों को आगे रखना होगा और ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव से बाहर रहना होगा। इंटरनेशनल ट्रेड में भारत के लिए अवसरों की कमी नहीं है।



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट सत्ता' का अंत

यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई।

लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक और सकारात्मक है। इससे राजनीति की जीवंतता का एहसास होता है। निरंकुशता का खतरा टलता है। हर राज्य में, देश में, एक अंतराल पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। दिल्ली इस बदलाव की बड़ी गवाह है। जब से सत्ता का केंद्र दिल्ली बनी, तब से इसने न जाने कितने बदलाव देखे। हालिया बदलाव ने भी संदेश दिया है कि सत्ता जनता ही तय करती है, उसे बरगलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की करारी शिकस्त किसी भी दल के लिए बड़ा सबक है कि जनता झूठ, फरेब, कुतर्क, बड़बोलेपन, निम्नस्तर की भाषा, फ्रीबिज़ की हफीम पसंद नहीं करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव से पहले रेवड़ियों की घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। यूं तो देश में सभी दलों की हालत एक सी है, लेकिन अण्णा हजारे के आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी से जनता को ईमानदार, भ्रष्टाचारमुक्त जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई। अब शायद ही जनता कभी अण्णा जैसा व्यापक आंदोलन भविष्य में देखे और किसी भी नई किस्म की राजनीति के वादे पर विश्वास करे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उसकी राजनीतिक यात्रा की असल शुरुआत होगी, लोग देखेंगे कि आप विपक्ष की भूमिका कैसे निभाती है, कितनी संयमित रहती है, कितनी रचनात्मक रहती है, जनता के मुद्दों से कितना सरोकार रखती है। दल से जुड़े लोग कितने समय तक टिके रहते हैं। खुद अरविंद केजरीवाल विपक्ष में रहकर राजनेता बन पाते हैं या नहीं? आगे की राजनीति पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का भविष्य निर्भर करेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने मोमेंटम का राजनीतिक लाभ लेना बुद्धिमत्ता थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर सत्ता गंवाना राजनीतिक आत्महत्या की तरह है। बदलाव की राजनीति सत्ता की राजनीति में परिवर्तित हो गई। आम आदमी पार्टी से देश के करोड़ों प्रगतिशील लोगों को उम्मीदें थीं। यह उम्मीद ही थी कि लोगों ने पार्टी बनाने में अपनी गाढ़ी कमाई से करोड़ों दान कर दिए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में उन सभी उम्मीदों को तोड़ दिया। मास की राजनीति करना आसान नहीं होता, क्योंकि आपके पास कोई पैमाना नहीं होता कि जनता आपकी पार्टी या आपके बारे में क्या राय रख रही है, इसलिए अधिकांश नेता व दल अनाप शनाप हरकतें करते रहते हैं। कभी चांद तो कभी चंदा मामा की बात करने लगते हैं। जनता को हल्के में लेने लगते हैं, उनकी असल ज़रूरतों को कम करके आंकने लगते हैं और रेवड़ियों पर भरोसा



करने लगते हैं। आम आदमी पार्टी को सुशासन से अधिक भरोसा मुफ़्त पानी व बिजली पर था, जनता को कभी कुछ मुफ्त में नहीं चाहिए, उनको सुविधा चाहिए, शांति चाहिए, अच्छा माहौल चाहिए। राजनीति जनता को सक्षम व समर्थ बनाने के लिए होनी चाहिए, न कि उसे परजीवी-पराश्रित बनाने के लिए। नए तरह की राजनीति का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी भी सत्ता पाने के लिए व बने रहने के लिए दूसरे दलों की तरह ही झूठ व तिकड़म की राजनीति करते दिखी। एक 'मफलर मैन से शीशमहल की यात्रा' में तब्दील हुई अरविंद केजरीवाल की राजनीति को आखिरकार उसी जनता ने आईना दिखा दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त करने का आह्वान किया था। जनता ने पीएम मोदी व भाजपा पर भरोसा किया। दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त कर दिया। आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई। प्रधानमंत्री मोदी की आंधी में दिल्ली को कूड़ा दान बनाने वाली झाड़ू तार-तार होकर तिनके की तरह बिखर गई। खुद केजरीवाल अपनी सीट नहीं बचा पाए। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। 48 सीटों में विजय पाकर, नरेंद्र मोदी की छवि मज़बूत हुई है। आप को 22 सीटों पर ही जीत प्राप्त हुई है। कांग्रेस को एकबार फिर शून्य से ही गुजारा करना पड़ा। अब पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से की गई गारंटीयों के वादों को दिल्ली की भाजपा सरकार को लागू करना होगा। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने 61% वोट डाले हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे। पैसे, शराब व सामान आदि बांटने से लेकर एक-दूसरे को धमकियां व गाली-गलौज आम बात रही। सार्वजनिक जीवन में अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पोल विश्लेषण के परिणाम, भाजपा के हक में दिए थे। दिल्ली के लोगों के लिए मुख्य मुद्दे, भारत के अन्य राज्यों से अलग हैं। पीएम ने सुशासन, विकास का मॉडल देने का वादा किया है। भाजपा की जीत के कुछ विशेष कारण हैं। दिल्ली के नागरिकों को चार चीज़ों की ज़रूरत है, यानी पीने का साफ पानी, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त वातावरण, महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मध्यम वर्ग को केवल मुफ़्त शिक्षा ही महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन 'उचित फीस' पर बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ज़रूरी है। दिल्ली में हर कोई 'बीपीएल कार्ड धारक' नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए किफायती बिजली के बिल ज़रूरी हैं। हम 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली और 400 यूनिट तक 50% छूट की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लाभ का लक्ष्य मध्यम वर्ग होना चाहिए। कांग्रेस अपने ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित नहीं कर पाई व उसका प्रचार लक्ष्यहीन रहा। कांग्रेस अपने अभियान की रणनीति नहीं बना पाई। आप के बहुत से कार्यकर्ताओं ने उत्साह से काम नहीं किया। भाजपा का ध्यान आम आदमी तक पहुंचने पर केंद्रित था। अब डबल इंजन की सरकार बन रही है। बड़ी बात है कि भाजपा अब तक अपना मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई है। केन्द्र सरकार व भाजपा की दिल्ली सरकार एकजुट होकर दिल्ली की जनता को सभी प्रकार से समृद्ध करेगी। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को कार्यान्वित कर, दिल्ली की जनता की सेवा करने से, राजधानी दिल्ली को अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की ओर अग्रसर रहना होगा। 'जिन हाथों में शक्ति भरी है राजतिलक देने की, उन हाथों में ही ताकत है सिर उतार लेने की', पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने लोक सभा में अपने भाषण में यही परिस्थिति का आकलन किया था।

## दो टूक


रोहित कौशिक



# कॉमेडी में अश्लीलता का तड़का अनुचित

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट'पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। रणवीर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया था। इस कमेंट पर काफी विवाद हो रहा है। यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा और शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। रणवीर अपने यूट्यूब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और चर्चित हस्तियों से चर्चा करते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी संख्या में उनके फॉलोवर्स हैं। अब यूट्यूब ने वह वीडियो हटा दिया है। रणवीर ने अपनी इस हरकत के लिए माफी भी मांग ली है लेकिन रणवीर पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। रणवीर ने शो में शामिल प्रतिभागी से पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन सेक्स करते हुए देखेंगे या एक बार शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोकेंगे। कॉमेडी के नाम पर इस तरह के प्रश्न पूछना क्या वास्तव में जरूरी है। सवाल यह है कि ऐसे प्रश्नों से क्या हासिल हो जाएगा ? क्या माता- पिता के यौन सम्बन्धों को मजाक का विषय बनाया जा सकता हैं ? हालांकि पहले से ही यौन सम्बन्धों पर मजाक होते रहे हैं। पहले छिपकर यौन सम्बन्धों पर मजाक होते थे लेकिन अब यौन सम्बन्धों पर मजाक करना एक फैशन मान लिया गया है। सेक्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सभी जीव-जंतु इसी प्रक्रिया के माध्यम से अपना जीवन चक्र चलाते हैं। सवाल यह है कि क्या किसी प्राकृतिक प्रक्रिया को आश्चर्य के तौर पर देखा जाना चाहिए? एक प्राकृतिक प्रक्रिया को मजाक बनाकर कहीं हम अपनी कुंठा तो नहीं दिखाते हैं ? इसी कुंठा के कारण हम कई नई चीजों को जन्म दे देते हैं। दरअसल यूट्यूब पर घटिया व्यंग्य और घटिया मजाक के अनेक शो चल रहे हैं। सच्चे अर्थों में तो इन्हें व्यंग्य भी नहीं कहा जा सकता। द्विअर्थी संवाद और सेक्स से सम्बंधित बातों का छौंक लगाकर इन्हें व्यंग्य और हास्य का नाम दिया जाता है। शर्मनाक तो यह है कि ऐसे शो को पसंद करने वाले लोग भी लाखों में हैं। इसका अर्थ यह है कि यह समाज ही ऐसे शो को पसंद करता है। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद करने के कारण ही ये शो चल भी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शर्मनाक और घटिया हरकतों की इजाजत दी जा सकती है? शायद नहीं। इस दौर में सिर्फ एक रणवीर नहीं बल्कि सैकड़ों रणवीर इलाहाबादिया पैदा हो गए हैं। टैलेंट के नाम पर फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। टैलेंट के नाम पर गालियां देना आम हो गया है। जैसे इसे इस जमाने का फैशन मान लिया गया हो। शायद यह कभी सोचा भी नहीं गया होगा कि एक दिन गालियां देना भी फैशन हो जाएगा। सवाल यह है कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग घटिया हरकतों और घटिया टिप्पणियों को अपना अधिकार कैसे समझ लेते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर क्या कुछ भी बोल देना हमारा अधिकार होना चाहिए ? हमें अपने अधिकार तो बहुत जल्दी याद आने लगते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जाहिर है कि यदि हम अपनी जिम्मेदारी का ध्यान रखें तो ऐसी हरकतें सामने आ ही नहीं सकती हैं। दरअसल इस दौर में जिस तरह से नैतिकता को फालतू चीज मान लिया है उससे स्थिति बद से बदतर ही हुई है। यह ठीक है कि हर इंसान के लिए नैतिकता की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है लेकिन इसके बावजूद हमारे अंदर इतना विवेक तो होना ही चाहिए कि हम स्वयं अपनी एक सीमा रेखा खींच सकें। इस दौर में बोल्ड दिखने की ऐसी प्रतिस्पर्धा हो रही है कि जिसमें हमारे आधारभूत संस्कार ही पीछे हो गए हैं। संस्कार नाम की चीज को पिछड़ा हुआ माना जाने लगा है। तभी तो एक शो में अपने माता-पिता के सेक्स को भी अपने मनोरंजन की बात बना दिया जाता है। क्या रणवीर के माता-पिता ने उसे यही संस्कार दिए होंगे।

# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है




संकलित

दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान्‌ के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल


आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- पंकज मेहता, धमतरी

## करंट अफेयर

### मोदी का ट्रंप को 'मागा' की तर्ज पर 'मीगा' का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त सम्मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य रूप से बातचीत की।



## ऑफ बीट

### क्या एआई हमें मंदबुद्धि बना रहा है? शोध में आशंका

हममें से ज्यादातर लोग एक हद तक ही सोच पाते हैं। बिना कलम और कागज या कैलकुलेटर के 16,951 को 67 से भाग देने की कोशिश करें। पिछले हफ्ते बनाई गई सूची या अपने फोन पर उपलब्ध फेहरिस्त के बिना हफ्ते भर की खरीदारी करने की कोशिश करें। अपने जीवन को आसान बनाने के लिए इन उपकरणों पर निर्भर रहकर हम खुद को अधिक बुद्धिमान बना रहे हैं या मूर्ख? हम अपनी कार्यकुशलता बढ़ने के बावजूद क्या एक प्रजाति के रूप में अज्ञानता के और करीब जाने लगे हैं?



## ट्रेंड

### एक्सप्रेस-वे का मुआयना

उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान आज 8000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का सांसद आई रमेश अवस्थी व डीएस भौंसले के साथ मुआयना किया।

-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### पावन तीर्थ स्नान

144 साल बाद हो रहे तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। एक हिंदू के नाते मैं भी उसमें पावन तीर्थ स्नान करने आया हूँ।


-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र



### विनम्र श्रद्धांजलि

पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।


-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### महाकुम्भ में आशीर्वाद

पवित्र नदियों में स्नान करना पूर्वकर्मों के नाश और इस जीवन में सच्ची मुक्ति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। कुम्भ मेला एकता, शांति और विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग के आदर्शों को प्रतिष्ठित करता है। महा कुम्भ में आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

-विवेक ओबेराय, अभिनेता



## संक्षेप

### बाबा जयगुरुदेव के भक्तों ने निकाली जीव जागरण यात्रा

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था उज्जैन के तत्वाधान में बाबा उमाकांत जी महाराज के आदेश पर बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों ने आज बहराइच के बाबागंज और रूपईडीहा में जीव जागरण धर्म यात्रा निकालकर लोगों को शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्त रहने का संदेश दिया। बाबा के भक्तों ने आमजन मानस से अपील करते हुए कहा कि, आप लोग शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्ति हो जाइए।लोगो का खान-पान खराब हो गया, लोग अपने कर्तव्यों को भूल गए लोग उस प्रभु मालिक को भी भूल गए जिसने आपको वेश कीमती मानव शरीर दिया था।जिससे वह प्रभु, मलिक नाराज है और हमें हमारे कर्मों की सजा मिलने वाली है।लोगो का खान-पान खराब हो गया, लोग अपने कर्तव्यों को भूल गए लोग उस प्रभु मालिक को भी भूल गए जिसने आपको वेश कीमती मानव शरीर दिया था। जिससे वह प्रभु, मलिक नाराज है और हमें हमारे कर्मों की सजा मिलने वाली है। कार्यक्रम में जिला कार्यकर्ता अशोक मिश्रा ब्लॉक कार्यकर्ता रामनिवास यादव मदनलाल वर्मा प्रहलाद नेतराम वर्मा रामचंद्र वर्मा राम मनोहर यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मामा के फातिहा से लौट रहे युवकों पर हमला

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, मामा के फातिहा से लौट रहे तीन युवकों पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। शनिवार को यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के ओदरा गांव में हुई है। पीड़ित मोहम्मद रशीद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई मोहम्मद सुल्तान और मोहम्मद वाशिद (स्वर्गीय आबाद अहमद के पुत्र) मामा के फातिहा से घर लौट रहे थे। आंगनबाड़ी केंद्र के पास शाहिद (तैयब का पुत्र) के मकान के बगल में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में मोहम्मद शाहिद, मेराज (अब्दुल वहीद का पुत्र), तैयब (अब्दुल वहीद का पुत्र), नसीरुद्दीन (जैनुल आबदीन का पुत्र), कामरान (कमरुद्दीन का पुत्र), जाहिद और नाहिद (तैयब के पुत्र) शामिल थे।

### शादी समारोह में बार डांसरों का डांस

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, जिले में एक शादी समारोह ने विवादास्पद मोड़ ले लिया, जब नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के जाजरु गांव में आयोजित विवाह समारोह में सार्वजनिक स्थल पर बार डांसरों का अश्लील नृत्य कराया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डांसरों पर खुलेआम नोटों की बारिश की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला प्रकाश में आया। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कैसे सड़क किनारे डीजे पर बार डांसर नृत्य कर रही हैं और लोग उन पर पैसे उड़ा रहे हैं।

# आगामी पर्व को लेकर डीजे संचालकों के साथ फखरपुर पुलिस ने की बैठक

## शांति और सौहार्द के साथ मनाएं पर्व और पेश करें एकता की मिशाल

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच।आने वाले आगामी पर्व को लेकर फखरपुर थाना अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने फखरपुर क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ की बैठक जिसमें डीजे संचालकों से वार्ता करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी पर्व पर कोई भी डीजे संचालक के द्वारा किसी भी प्रकार का भड़काऊ गीत बजाया जाता है तो होगी सख्त कार्रवाई। डीजे ऑपरेटर जब भी डीजे लेकर निकले तो यह अपनी जिम्मेदारी निभाएं कि हम कोई भी ऐसा गीत किसी के कहने पर ना बजे जिससे किसी के मन को ठेस पहुंचे। आवाज धीमी रखें त्योहार मिलजुल कर मानना चाहिए जिससे हमारी एकता बरकरार रहे और त्योहार शांति सौहार्द के साथ ही मनाएं अक्सर देखा गया है की डीजे पर अश्लील वह भड़काऊ गाने बजाने के कारण विवाद उत्पन्न हो जाता है। इस तरीके से विवादों से यदि बचना है तो कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे किसी अन्य को ठेस पहुंचे। यदि किसी भी डीजे पर किसी तरीके से विवादित या भड़काऊ गाने बजाए जाते हैं। उसकी वीडियो ग्राफी करा कर उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरी अहम बात यह है कि बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगे बच्चों को घर पर पढ़ने में भी दिक्कत होगी। यदि भड़काऊ गीत बजते हुए कोई वीडियो वायरल होती है। तो डीजे संचालक पर ही कार्रवाई की जाएगी। सभी डीजे संचालकों को बाकरपुर पुलिस द्वारा दी गई नोटिस। उस नोटिस में विस्तार से शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात विस्तार से दशार्या गया है। डीजे संचालक ओम प्रकाश उपाध्याय उर्फ पुत्तन ने बताया की फखरपुर क्षेत्र में लगभग 86 डीजे संचालक मौजूद है तो दूसरी तरफ विजय संचालक सोनी ब्रास बैंड की तरफ से सभी से कहा गया कि हम लोग आदमी पर्व पर शासन प्रशासन के दिशा निर्देश को मानते हुए ही काम करेंगे। इस बैठक में उप निरीक्षक महेंद्र कुमार, राज नारायण त्रिपाठी, जय हिन्द विश्वकर्मा, सुदामा सिंह यादव, राजेश दुबे, मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के तत्वधान में आयोजित हुई पीडीए चौपाल

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। 283 विधानसभा नानपारा के गोपालपुर ग्राम में आयोजित हुई चौपाल।कार्यक्रम का आयोजन उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा ने किया। कार्यक्रम मुख्य वक्ता पूर्व विधायक रमेश गौतम एवं मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी व संचालक एडवोकेट कृपाराम यादव ने किया।चौपाल में बड़ी संख्या में आये पीडीए समाज को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने कहा बाबा साहब के संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और शिक्षा, रोजगार तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण को भाजपा खत्म कर रही है।वही पूर्व विधायक रमेश गौतम ने कहा कि अखिलेश यादव ने लोकसभा की अनारक्षित सीटों पर दलितों को टिकट देकर विधायक बनाने का काम किया है और लोक सभा में बाबा साहब के अपमान के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चलाने का काम किया है। जिला उपाध्यक्ष हरीश वर्मा ने कहा कि भाजपा हिन्दुत्व के नाम पर पिछड़ों को उकसाने का काम कर रही है जबकि अधिकार के नाम पर पिछड़ों को कमजोर कर समाजिक न्याय के साथ छलावा कर रही है। कार्यक्रम में प्रताप अलबेला, घनश्याम वर्मा, राम सूरत गौतम, पप्पू यादव ब्लाक अध्यक्ष, गुड्डू आर्य, जगतराम सोनकर, पंकज यादव, बरजेंद्र आर्य, जमुना प्रसादवर्मा, मोल्हे गौतम, हृदय राम वर्मा, राजेश सेन, ननकू सोनकर, मनीष सोनकर, सुरेश गौतम, पिंटू आर्य राम सागर सोनकर, मधव सोनकर, मोल्हे प्रजापति, राम कुमार वर्मा श्रवण वर्मा, राजन गौतम मनोज गौतम, राम सुहावन वर्मा, संतोष यादव, मिथलेश आर्य समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# गांजा के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार



21 किलो 469 ग्राम गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा आदर्श थाना रुपईडीहा पुलिस ने 21 किलो 469 ग्राम गांजा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक यतीन्द्र सिंह, अनिल कुमार यादव, आरक्षी संदीप चौहान, आशीष सिंह और अभिषेक सिंह के साथ मिलकर खान पुलिया के पास ग्राम अड़गोडवा में छापेमारी की।

इस दौरान अभियुक्त चन्द्रप्रकाश, रामसमुझ और सोनू उर्फ दुर्गेश कुमार वर्मा निवासी गोपिया थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच के कब्जे से गांजा और एक मोटरसाइकिल यूपी 40 एजे 2212 बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के धराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेशी हेतु रवाना किया गया।

# बाल प्रतिभायें परिस्थितियों की मोहताज नही होती: बीएसए

- बच्चों ने रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियों से मन मोहा
- पीएमश्री विद्यालय भौली में वार्षिकोत्सव का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद के विकास खण्ड जरवल स्थित पीएमश्री विद्यालय भौली में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएल शुगर मिल जरवल रोड के महाप्रबंधक टीएस राणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद छात्राओ ने सरस्वती व गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्राइमरी सेक्शन के नन्हे मुन्नों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की कड़ी में लघु नाटिका झांसी की रानी, विज्ञान हमारा दोस्त नुक्कड़ नाटक, कव्वाली, रिंग डांस, पर्यावरण सुरक्षा आधारित पेड़ बचाओ, व धरती माँ का दर्द, पढ़ेंगे लिखेंगे हम निपुण बनेंगे पर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन मे छात्रों के अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा का भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि श्री राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूल के ये बच्चे कॉन्वेंट से किसी मायने में पीछे नही हैं। बच्चो को ऐसे कार्यक्रमों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए, इससे न सिर्फ बच्चों को मंच पर आने का अवसर मिलता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। वहीं बीएसए श्री आशीष सिंह बोले बच्चों का प्रदर्शन ये बता रहा कि बाल प्रतिभायें परिस्थितियों की मोहताज नही होती। उन्होंने इन्हें संवारने व दिशा देने वाले विद्यालय सभी शिक्षको की प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव में मंच संचालन शिक्षक व कवि संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में आयोजन प्रभारी शिक्षिका अर्चना पाण्डेय, बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह, बीईओ बलहा अरुण वर्मा, कैसरगंज कोतवाल हरेंद्र मिश्र, जिला समन्वयक बालिका अनुराग शर्मा, एआरपी राजेश मिश्र, मो० अहमद की प्रतिभागिता रही। इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा ने आये अथितियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर भौली प्रधान प्रतिनिधि विजयराज, शिक्षक नरोत्तम सेंगर, संध्या श्रीवास्तव, रामचन्द्र, मनसुखलाल, आदि उपस्थित रहे।

# बक्शीपुरा में हुई प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की तैयारी गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रतिभा खोज परीक्षा समिति की कोर कमेटी की बैठक बक्शीपुरा बहराइच में श्री राम मनावन आडीटर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।पर्यावरण हाउस बक्शीपुरा में पर्यावरण संरक्षण सोसायटी कार्यालय पर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजन पर विचार विमर्श किया गया जिसमें ब्लाक स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर विचार किया गया।प्रतियोगिताओं के लिए परीक्षा शुल्क जूनियर सेक्शन में 20/- रुपए तथा सीनियर सेक्शन 50/- निर्धारित करने पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।गोष्ठी में भीम सिंह एडवोकेट, प्रहलाद कनौजिया, लायक राम यादव, स्नेह लता आजाद, संजय मोहन ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।गोष्ठी का संचालन पर्यावरणविद् रमेश चन्द्रा ने किया । श्री राम मनावन ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज के लिए सराहनीय पहल बताया।आयोजन में जिला समन्वयक अभिषेक भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# सीडीओ सर...लेखपाल ने मुझसे मांगी 10 हजार की घूस

## समाधान दिवस पर महिला ने की शिकायत, अफसर ने दिए जांच के आदेश

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान एक महिला की आंखों से आंसू छलक उठे। मंगापुर भीमी गांव की निवासी राजकुमारी तिवारी ने लेखपाल संजीव दुबे पर 10 हजार रुपए की रिश्वत लेने के बाद भी काम न करने का गंभीर आरोप लगाया। महिला ने सीडीओ सूरज पटेल के समक्ष बताया कि लेखपाल पिछले कई महीनों से जमीन की पैमाइश नहीं कर रहा है और सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को रोकने में विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल ने कार्रवाई के नाम पर उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम आशीष सिंह को 3 घंटे के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शाम तक पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका नहीं है जब महिला ने लेखपाल के खिलाफ आवाज उठाई है। कुछ दिन पहले भी वह तहसील पहुंची थी, जहां उन्होंने आरोपी लेखपाल का तहसील परिसर में पीछा किया था, जिसका वीडियो भी सामने आया था।

# हाइवे पर श्रद्धालुओं का हंगामा

## जयश्रीराम के नारे लगाए, गिराई पुलिस की बैरिकेडिंग, अभद्र व्यवहार भी किया

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं द्वारा कानून व्यवस्था को चुनौती देने का मामला सामने आया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास श्रद्धालुओं ने पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को हटा दिया और जयश्रीराम के नारे लगाते हुए जबरन आगे बढ़ने का प्रयास किया। महाकुंभ के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे अपनी टीम के साथ 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात हैं। लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ ने न केवल बैरिकेडिंग हटाया, बल्कि पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में महिला और पुरुष श्रद्धालु जयश्रीराम के नारे लगाते हुए और पुलिस की चेतावनियों की अवहेलना करते हुए दिख रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने के बावजूद श्रद्धालुओं की गाड़ियां जबरदस्ती अयोध्या की ओर बढ़ रही हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह पहला मामला नहीं है - पहले भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जहां श्रद्धालुओं ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आक्रामक रवैये के कारण चुनौतियां बढ़ गई हैं। चार दिन पूर्व भी ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। जहां इसी क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने जाम की स्थिति स्वयं उत्पन्न की। एसओ शारदेंदु दुबे ने सख़्ती की तो श्रद्धालु उलझ गए। अंत में पुलिस सख्त हुई तो उसी पर दोष मढ दिया गया।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## किसान सम्मान निधि बढ़ाने समेत कई मांगें रखीं, संभल रेल लाइन बिछाई जाए

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) ने ब्लॉक परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया।

किसान नेताओं ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और बिजली समस्याओं को लेकर एसडीओ का घेराव किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने ब्याज मुक्त ऋण, गजरौला से संभल तक रेल लाइन का निर्माण और किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह करने की मांग की। साथ ही गौपालक किसानों को प्रति पशु 100 रुपए प्रतिदिन देने का प्रस्ताव रखा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगें रखीं। उन्होंने गंगेश्वरी ब्लॉक के छपना से जल्लोपुर तक जर्जर सड़क के निर्माण, गन्ने का रेट 450 रुपए प्रति कुंतल करने और छपना में रोडवेज बस स्टेशन बनाने की मांग की। बुलंदशहर के माडू मंदिर से बनने वाले गंगा पुल की लंबाई बढ़ाने और उत्तर भारत की सभी ट्रेनों में किसान यात्रियों के लिए विशेष बोगी की मांग भी रखी गई। पंचायत में महाकुंभ संगम से जुड़ी समस्या भी उठाई गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरस्वती धार से नाविक संगम तक श्रद्धालुओं से 4-5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति वसूले जा रहे हैं, जिसमें पुलिस प्रशासन की मिलीभगत है।

# अमेठी में कॉलेज से चोरी

## दो बसों और ई-रिक्शा की बैटरी निकाली, लाखों का सामान चोरी



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, चोरों का आतंक जारी है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के टिकरी गांव स्थित लाल विजयानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय का है, जहां देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने महाविद्यालय में खड़ी दो बसों से बैटरी और टूल किट, एक ई-रिक्शा की बैटरी, सोलर पैनल की बैटरी और एक साइकिल चुरा ली। महाविद्यालय के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह जब चपरासी महाविद्यालय पहुंचा, तब चोरी का पता चला। उसने तुरंत विद्यालय प्रबंधक को सूचित किया। मौके पर पहुंचे प्रबंधक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई। लोगों में डर का माहौल महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार चोरों ने महाविद्यालय की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

# युवकों के दो गुटों में मारपीट

## रेलवे स्टेशन के पास बेल्ट से किया हमला, दौड़ा-दौड़ाकर मारा

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में शनिवार सुबह चौपला चौकी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास युवकों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे पर बेल्ट से हमला किया और दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसने स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर हिंसा में शामिल युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी युवकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

## संक्षेप

### सांप्रदायिक तनाव के बीच छेड़छाड़ का मामला

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, भोजपुर थानाक्षेत्र में एक संवेदनशील मामला सामने आया है। देर रात एक युवती के साथ चार युवकों द्वारा छेड़छाड़ और मारपीट की घटना ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न कर दी है। पीड़िता एक मजदूर की बेटी है, जो हापुड़ मार्ग से वापस लौट रही थी। घटना के दौरान चारों आरोपी युवकों ने न केवल युवती के साथ अश्लील हरकतें की, बल्कि विरोध करने पर उसे जमीन पर गिराकर मारपीट भी की। स्थानीय लोगों के आने की आहट पाकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में अलग-अलग समुदायों के लोग शामिल होने के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया है।

### सवा करोड़ की धोखाधड़ी में दंपती समेत तीन पर केस

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, हापुड़ के प्रतिष्ठित गोयल ज्वैलर्स के मालिक कुश गोयल के साथ हुई बड़ी धोखाधड़ी के मामले में औरंगाबाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मथुरा के सराफा कारोबारी दंपती गुड्डू अग्रवाल और उनकी पत्नी पार्वती अग्रवाल ने 2022 में गोयल ज्वैलर्स से सवा करोड़ रुपए के सोने के आभूषण खरीदे थे। दंपती ने भुगतान के लिए 2.4 किलोग्राम 24 कैरेट सोना देने का वादा किया था। जब कुश गोयल ने भुगतान की मांग की, तो दंपती ने 1.35 करोड़ रुपए के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। इसके बाद आरोपी दंपती ने कुश गोयल को औरंगाबाद में पांच बीघा जमीन दिलाने का झांसा दिया। दंपती ने आगरा के शाहगंज निवासी जनार्दन प्रसाद शर्मा से गोयल की मुलाकात कराई और बताया कि उन्होंने 20 लाख रुपए में एग्रीमेंट करा लिया है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ रुपये देकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद गिफ्ट डीड के जरिए जमीन कुश गोयल के नाम कर देंगे।

### वैलेंटाइन डे पर धमकाने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने वैलेंटाइन डे से पहले पार्कों में युवाओं को धमकाने वाले आरोपी विपिन नागर को गिरफ्तार कर लिया है। विपिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह पार्क में आने वाले युवा जोड़ों को लाठी-डंडों से धमकी दे रहा था। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी कि कुछ संगठन के युवा लाठी-डंडे लेकर पार्कों में घूम रहे हैं और वहां मौजूद युवाओं को परेशान कर रहे हैं।

# नगर निगम बोर्ड की बैठक में सपा पार्षदों का हंगामा

## जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स लगाने का कर रहे विरोध; सदन से किया वाकआउट

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर, नगर निगम बोर्ड की 10वीं बैठक में सपा पार्षदों में जमकर हंगामा किया। पार्षद, बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर व नगर आयुक्त के सामने वेल में धरने पर बैठ गए। वे जीआईएस सर्वे को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। भोजनावकाश में जहां अन्य पार्षद भोजन करने चले गए वहीं सपा पार्षद धरने पर बैठे नारेबाजी करते रहे। लंच के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो पार्षद खड़े होकर सदन पीठ के नजदीक आकर प्रदर्शन करने लगे। बातें न सुनने का आरोप लगाते हुए सपा पार्षदों ने सदन से वाकआउट किया। सपा पार्षद जियाउल इस्लाम ने कहा कि पिछली 3 बैठकों से जीआईएस सर्वे का विरोध किया जा रहा है लेकिन किसी के कानों पर जू नहीं रेंग रही। इस सर्वे के आधार पर टैक्स लगाने से नागरिकों का टैक्स कई गुना बढ़ गया है। इसे वापस लेने तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। सपा के वरिष्ठ पार्षद जियाउल इस्लाम ने कहा कि टैक्स के मामले में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। नगर आयुक्त से कई बार मिलकर अवगत कराया जा चुका है। सपा पार्षद दल के नेता अशोक यादव ने ज्ञापन सौंपा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक कमेटी तक नहीं बनाई गई। उन्होंने कहा कि पिछली 3 बैठकों से हम इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमावली के बिन्दु 173 व 174 में स्पष्ट लिखा है कि टैक्स का निर्धारण मकान के कारपेट एरिया के आधार पर होगा न कि पूरे निर्माण के आधार पर। जबकि जिस कंपनी ने जीआइएस सर्वे किया है, उसने पूरे निर्माण पर कर निर्धारित कर दिया है। इसका असर यह हुआ कि जिनका टैक्स 1 हजार आता था, 12 हजार आने लगा। जिनका 5 हजार आता था, 50 हजार आने लगा। शहर के 1.75 मकान मालिक इससे पीड़ित हैं। जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता, हमारा विरोध जारी रहेगा। नगर निगम बोर्ड में बिना एजेंडे के मूल बजट रखा गया। लेकिन सपा पार्षदों ने इसका विरोध कर दिया। उनका कहना था कि पहले से निर्धारित एजेंडे को ही बैठक में रखा जाए। जियाउल इस्लाम ने कहा कि नगर निगम के वित्त अधिकारी ने बैठक में यह बताया था कि मूल बजट एजेंडे में नहीं है लेकिन उन्हें चुप करा दिया गया। सपा पार्षद इसका भी विरोध करते हैं। कल्याणपुर वार्ड संख्या 50 के भाजपा पार्षद शिवेंद्र मिश्र ने सदन में कहा कि जीआईएस सर्वे का जो आधार बनाया गया है वह सही नहीं है। उन्होंने भी संशोधन की जरूरत बताई। कई और पार्षद इस सर्वे के विरोध में हैं लेकिन सपा पार्षदों के आक्रामक हो जाने और पार्टी की टोपी लगाने के कारण खुलकर समर्थन में नहीं आए। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल पार्षदों से धरने से उठकर सदन में अपनी सीट पर बैठने की अपील करते रहे लेकिन पार्षद नहीं माने। भोजनावकाश के बाद बैठक को जारी रखने के लिए महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव व नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सदन में पहुंचे। उस समय भी सपा पार्षद धरने पर बैठे थे।

# किसानों को मिला दलहनी फसलों का विशेष प्रशिक्षण

## कृषि विज्ञान केंद्र में 25 किसानों ने सीखी बीजोत्पादन की आधुनिक तकनीक

अमन लेखनी समाचार




बलिया, कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव में जायद दलहनी फसलों की बीजोत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 25 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों की टीम ने किसानों को विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सोमेंद्र नाथ ने बीजोत्पादन की आधुनिक शस्य क्रियाओं के बारे में बताया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संजीत कुमार ने भूमि की उर्वरता बढ़ाने में दलहनी फसलों के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. मनोज कुमार ने बीज उत्पादन में आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अनिल कुमार पाल ने दलहनी फसलों में एकीकृत पोषक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अभिषेक यादव ने उर्द और मूंग में होने वाले रोगों एवं कीटों के प्रबंधन के उपाय बताए। डॉ. अवधेश कुमार ने जायद सब्जियों की नर्सरी प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सतीश कुमार सिंह यादव और राकेश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।यह प्रशिक्षण किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने में सफल रहा।

# युवती को अश्लील फोटो भेजकर ब्लैकमेल की कोशिश

**एडिट किया हुआ फोटो ससुराल भेजा, हर महीने 10 हजार की मांग**

अमन लेखनी समाचार



बडौत, युवती को उसके पड़ोसी ने एडिट किए गए अश्लील फोटो के जरिए ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। पीड़िता, जो अपने पिता की मृत्यु के बाद हरियाणा की एक फैक्ट्री में काम करती है, की शादी सिंघावली अहीर क्षेत्र के एक युवक से तय हुई थी। आरोपी अक्षय ने पीड़िता का फोटो खींचकर उसे एडिट किया और उसकी होने वाली ससुराल में भेज दिया। इस कारण युवती की शादी टूटने की नौबत आ गई। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को फोटो वायरल करने की धमकी देकर हर महीने 10 हजार रुपए की मांग की। युवती के इनकार करने पर उसने फोटो को सार्वजनिक करने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी अक्षय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कॉर्पोरेट जासूसी का बड़ा मामला

## बेरोइ इंक के दफ्तरों से टेकसाई रिसर्च का गोपनीय डेटा बरामद, दिल्ली एचसी के आदेश पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर अमेरिकी कंपनी बेरोइ इनकॉरपोरेशन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। कंपनी के चेन्नई और नोएडा स्थित कार्यालयों पर छापेमारी में टेकसाई रिसर्च की गोपनीय फाइलें और संवेदनशील डेटा बरामद किया गया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा के निर्देश पर स्थानीय पुलिस और आयुक्त की टीम ने यह कार्रवाई की। छापेमारी में मिले दस्तावेज टेकसाई रिसर्च की मालिकाना बाजार खुफिया जानकारी से जुड़े हैं। इन दस्तावेजों की बरामदगी से कॉर्पोरेट सुरक्षा में बड़ी सेंध का पता चला है। आरोप है कि बेरोइ इनकॉरपोरेशन इन दस्तावेजों का इस्तेमाल बाजार में अनुचित लाभ के लिए कर सकती थी, जिससे टेकसाई रिसर्च को भारी नुकसान होने की आशंका थी। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बेरोइ इनकॉरपोरेशन पर लगे गोपनीय व्यापार रणनीतियों की चोरी के आरोप सिद्ध होते हैं, तो यह मामला कॉर्पोरेट जासूसी और बौद्धिक संपदा चोरी के दायरे में आ सकता है। जांच अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए दस्तावेजों में टेकसाई रिसर्च की महत्वपूर्ण व्यावसायिक रणनीतियां शामिल हैं, जिनका दुरुपयोग कर बाजार में अनुचित लाभ लिया जा सकता था। यह मामला कॉर्पोरेट जगत में बड़ी चिंता का विषय बन गया है। बेरोइ इनकॉरपोरेशन की साख पर सवाल बेरोइ इनकॉरपोरेशन पर लगे इन आरोपों से इसकी कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा को भारी झटका लगा है।

# 2 लाख का गांजा जब्त

**चेकिंग अभियान में तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ किलो से ज्यादा गांजा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बड़ौत कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जलालपुर निवासी आरिफ पुत्र गबरूद्दीन को पकड़ा गया। आरोपी के पास से 1 किलो 758 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध गांजा बिक्री की सूचनाओं के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी मनोज चहल के अनुसार, पकड़ा गया गांजा बागपत में तस्करी के लिए लाया गया था। पुलिस अब मामले की गहन छानबीन कर रही है और आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई

- 3 घंटे के विशेष अभियान में 606 लोग गिरफ्तार, सभी का चालान किया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में चलाए गए 3 घंटे के विशेष अभियान में 606 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, उनके क्षेत्र में सबसे ज्यादा 287 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मधुबन बापूधाम से 59, कोतवाली नगर से 58, नंदग्राम से 52, विजयनगर से 49, सिहानी गेट से 44 और कवि नगर से 25 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 149 लोगों को पकड़ा गया। इनमें साहिबाबाद से 25, इंदिरापुरम से 24, कौशांबी से 22, टीला मोड़ से 21, खोड़ा से 20, लिंक रोड से 19 और शालीमार गार्डन से 18 लोग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पिछले 45 दिनों से यह अभियान चल रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि कई लोग सड़कों पर, कारों में, ई-रिक्शा में और बाइक पर बैठकर शराब पीते हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है।

पकड़े गए सभी आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे।

# प्लास्टिक कंपनी में लगी भीषण आग

## 15 गाड़ियों ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, लाखों का माल जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, फेज-2 में एक प्लास्टिक दाने से रैपर बनाने वाली एक कंपनी में आग लग गई। आग तड़के तीन बजे लगी। सूचना मिलते ही 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग कंपनी के बेसमेंट में लगी थी। आसपास की कंपनियों को भी पूरी तरह से बचा लिया गया। वहां आग नहीं फैली। इस आग में कोई फंसा नहीं था। आग लगने के दौरान सभी कर्मचारी बाहर आ गए थे। हालांकि आग से लाखों के नुकसान होने की जानकारी है। सीएफओ ने बताया कि तड़के करीब 3 बजे सूचना मिली कि प्लॉट नंबर सी-44 फेस 2 सती पॉली प्लास्ट नामक कंपनी में आग लगी है। पहले दो गाड़ियों को भेजा गया। लेकिन तेज हवा चलने की वजह से आग फैलती चली गई। इसके बाद एक-एक करके 15 गाड़ियों को भेजा गया। इसमें दो गाड़ियां गाजियाबाद से बुलाई गई थी। आग को बाहर की ओर से अंदर तक लगी थी। प्राथमिक जांच में शॉट सर्किट की वजह हो सकती है। केमिकल और प्लास्टिक दोनों के चलते आग तेजी से फैली।

तेजी से फैली थी। जिसे काबू करने में करीब 4 से 5 घंटे का समय लग गया। आसपास की कंपनियों को सुरक्षित रखने के लिए वहां भी पानी का छिड़काव किया गया। ताकि आग न फैले। आग को समेटते हुए सिर्फ एक स्थान पर किया गया। जिसके बाद काबू पाया जा सका। आग से कंपनी के बेसमेंट में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका है। सीएफओ ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं है। आग जिस समय लगी सभी कर्मचारी बाहर आ चुके थे। पहले इन लोगों ने खुद आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद दमकल विभाग को आग की सूचना दी। सूचना देने में देरी होने की वजह से आग फैल गई। अन्यथा आग को कम समय में काबू किया जा सकता था।

# मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

## दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, महिला के साथ की थी लूट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में महिला के साथ 12 दिन पहले लूट का प्रयास करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को जय दुर्गा ज्वेलर्स पीएसी के पास रुड़की रोड पर दो बदमाशों ने एक महिला से लूट का प्रयास किया था। दोनों बदमाश सीसीटीवी फुटेज में नजर आ गए थे। इस मामले में थाना पल्लवपुरम द्वारा दो पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच में विकास उर्फ मिन्टू पुत्र दुष्यन्त राणा निवासी नंगला पिथोरा थाना तितावी मुजफ्फरनगर और विहान उर्फ सागर पुत्र रमेश चन्द्र निवासी नंगला पिथोरा थाना तितावी मुजफ्फरनगर के नाम सामने आए। पुलिस दोनों की तलाश में दबिश दे रही थी। रात पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बदमाश क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने आ रहे हैं। पुलिस टीम ने कृष्णा नगर से जटौली मार्ग पर श्मशान घाट के सामने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। आरोपी पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने फायरिंग की तो विकास के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# किसानों के कृषि उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**दो शातिर चोर गिरफ्तार, 20 से अधिक वारदातों का खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा की रबूपुरा पुलिस ने किसानों के कृषि उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल और एक टाटा गाड़ी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रबूपुरा निवासी समीर और जेवर निवासी वसीम के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने पिछले दो महीनों में रबूपुरा क्षेत्र में 20 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। अन्य साथियों के साथ मिलकर किसानों के बिजली उपकरण और कृषि यंत्र चुराते थे। चोरी के बाद माल को टाटा गाड़ी में लादकर यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते अन्य स्थानों पर बेच देते थे। कोतवाली प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। इस गिरोह के पकड़े जाने से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार चोरी की घटनाओं से परेशान थे।

# टायर गोदाम में भीषण आग से लाखों का नुकसान

## देर रात अचानक लगी आग से नए-पुराने टायर जलकर राख, दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र स्थित बागपत गेट पर एक बड़ी दुर्घटना सामने आई। हाजी वक्त इलाही के टायर गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल गोदाम मालिक और दमकल विभाग को सूचना दी।

दमकल विभाग की टीम के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग और भी भयानक होती चली गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 6 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपये के नए और पुराने टायर जलकर राख हो चुके थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग के अधिकारी और ब्रह्मपुरी थाना पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। इस घटना से आसपास के व्यापारियों में भी दहशत का माहौल है।

## संक्षेप

### आवास सर्वे में भेदभाव का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। ग्राम पंचायत पंधरी में आवास सर्वे में ग्रामीणों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही है। पंधरी के पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता ने बताया कि पंचायत में चार हजार से अधिक मतदाता है। आवास सर्वे मात्र 80 लोगों के हुए हैं। पूर्व प्रधान ने बताया कि पंचायत के संतोष कुमार, कल्लू, अजय कुमार, सतेन्द्र उर्फ सत्तू, कृष्ण कुमार, श्यामबाबू, बिल्लू आदि दर्जनों लोग आवास योजना के लिए पात्र हैं लेकिन इनका सर्वे नहीं कराया गया है। पंचायत सचिव मोहिनी तिवारी ने बताया कि आवास सर्वे के लिए कृषि विभाग के कर्मी लगे हुए हैं। पात्र लोगों का सर्वे क्यों नहीं किया गया है। उनके संज्ञान में नहीं है। सर्वे टीम के सदस्य विक्रम सिंह ने बताया कि सर्वे जारी है। किसी भी पात्र व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिवांर पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बिवांर थाना प्रभारी ने बताया है कि पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन यादव पुत्र सिद्धा यादव निवासी ग्राम छेडी बसायक थाना बिवांर के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके आधार पर थाना बिवांर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक प्रशिक्षु अंकित कुमार बैंसला, कांस्टेबल राजेश कुमार यादव शामिल रहे।

### कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में आज कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव सत्र 2025 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद न्यायाधीश धर्मेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे, जबकि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी संरक्षिका के रूप में शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश शक्ति सिंह और उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी सहित अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिला जज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लोगों की रही मौजूदगी समारोह में जिला जज, जिलाधिकारी, एडीजे प्रथम, सीजेएम गाजीपुर, अपर जिलाधिकारीगण, निवर्तमान अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी और शंकर सिंह यादव ने संबोधन दिया।

# कुपात्र को देखने से दृष्टि हो जाती है दूषित - डॉ. श्यामसुंदर पाराशर

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

गुरसरांय,झांसी। कुरैठा सांस्कृतिक महोत्सव यज्ञ में नावली सरकार पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भारी जनसैलाब उमड़ा। नावली सरकार प्रांगण में भक्तिमय वातावरण के साथ हर व्यक्ति ने मुग्ध होकर भागवत कथा का रसपान किया। भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया।




पूतना उद्धार की कथा में विश्वविख्यात भागवत मर्मज्ञ डॉ. श्याम सुन्दर पाराशर महाराज ने कहा कि भगवान ने पूतना को देखकर अपने नेत्र बन्द कर लिए थे, क्योंकि पूतना कुपात्र थी। कुपात्र को देखने से दृष्टि दूषित हो जाती है, इसलिए भगवान ने उसे देखना उचित नहीं समझा। उन्होंने गोवर्धन लीला की कथा में कहा कि भगवान ने इंद्र का मान मर्दन करने को गोवर्धन की पूजा करवाकर व्रजवासियों की रक्षा की और इन्द्र के अहंकार को नष्ट किया। उन्होंने माखन चोरी लीला के माध्यम से कहा कि भगवान के घर दूध दही माखन की कोई कमी नहीं थी, लेकिन ब्रज की प्रत्येक गोपी भगवान को अपने हाथों से माखन खिलाना चाहती थी इसलिए भगवान ने गोपियों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए माखन चोरी लीला की। कथा का मूल पाठ आचार्य राजेश पचौरी ने किया। संगीतमय कथा में ऑर्गन पर दीपक योगी, तबले पर इंद्रदेव ठाकुर, नाल पर कपिल शर्मा, सहगायन मनीष शर्मा, तनय शर्मा, बैंजो पर अजय कुमार ने संगत की। कथा की आरती भागवत कथा के परीक्षित पिंकी केशव सिंह परिहार एवं डॉ जगदीश सिंह चौहान, राजेन्द्र गुप्ता, मधुर अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह परमार, हरपाल सिंह परमार, कमलापत उपाध्याय, मूरतध्वज सिंह परिहार, सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, जानकी शरण यादव ने की। कुरैठा सांस्कृतिक महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक डा. श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज ने प्रेमनारायण प्रेमू यादव, अशोक दीक्षित, लखन लाल गुप्ता, अरविन्द रावत, पुष्पेन्द्र दुबे मंडल अध्यक्ष, विजय सिंह अस्ता, अनुज द्विवेदी प्रधान नागर, नरोत्तम सिंह रियां प्रधान, संजय गुप्ता प्रधान बामौर, अबधेश सिंह फौजी, प्रसिद्ध नारायण यादव, रामजी सोनी बरगांय प्रधान, भैया लाल प्रधान धनौरा, पत्रकार सुखदेव व्यास, सत्य प्रकाश दुबे, मुन्नी दाऊ कैरोखर, कमलेश दुबे सैगुवां, प्रहलाद सिंह तोमर, नरेन्द्र सिंह फौजी, सूरज सिंह मुन्ना दद्दा, श्रीराम विश्वकर्मा, उदयभान भगत जी, रविन्द्र सिंह जूदेव, आशुतोष गोस्वामी, सोम मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, नितिन मोदी, बाबू सिंह एडीओ पंचायत, महेंद्र चौधरी सचिव को भगवान श्री राम जी प्रतिमा देकर सम्मानित किया। संचालन भाजपा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर ज्ञान सिंह, मनोज बुधौलिया, सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, बाली अड़जरिया, प्रमोद स्वामी, रामप्रकाश सिंह चौहान, बोबी खरे, योगेश सिंह चौहान, मनोज बुधौलिया, बबलू चौहान, सुयश प्रताप सिंह चौहान, आशू चौहान, पवन स्वामी, खन्ना त्रिपाठी, गोविंद सिंह परमार, योगेन्द्र सिंह चौहान, रामजी सोनी, चन्द्र प्रकाश चौरसिया, जनक सिंह चौहान सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में शुरू हुई बीएड परीक्षा, पहले ही दिन पकड़े गए 24 नकलची

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के पीजी कॉलेज में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बीएड के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस दौरान परीक्षा के पहले ही दिन बीएड के प्रथम सेमेस्टर के 24 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए, जिन्हें रस्टीकेट कर दिया गया। प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि पीजी कॉलेज में जिले के 20 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बताया कि सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पहली पाली में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा कराई गई। जिसमें पंजीकृत कुल 1596 परीक्षार्थियों में से 1550 उपस्थित रहे व 46 ने परीक्षा छोड़ दी। बताया कि शुचिता एवं पारदर्शितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। इस दौरान भारी पुलिस टीम के साथ सीओ सिटी सुधाकर पाण्डेय गेट पर ही तैनात रहकर जांच कर रहे थे। प्राचार्य की अगुवाई में सभी परीक्षा कक्षों की सघन जांच की गई। इस दौरान एक दिन में सर्वाधिक नकलची पकड़ने का रिकार्ड बनाते हुए कॉलेज में कुल 24 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया और उन्हें रस्टीकेट कर दिया गया। आंतरिक उड़ाका दल की टीम में मुख्य कुलानुशासक प्रो. डॉ. एसडी सिंह परिहार, प्रो. डॉ. एसएन सिंह, प्रो. डॉ. अरुण यादव, डॉ. रामदुलारे, डॉ योगेश, डॉ गोपाल यादव, डॉ शिप्रा श्रीवास्तव आदि रहे। उन्होंने परीक्षा के दौरान सघन तलाशी अभियान चलाया। पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में नकलची पकड़े जाने के बाद हड़कंप मचा है। प्राचार्य ने बताया कि नकल करते पकड़े गए परीक्षार्थियों में ज्यादातर बिहार के निवासी हैं।

## महिला ग्राम प्रधान को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ




अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में देवकली ब्लॉक मुख्यालय पर दो ब्लाक के महिला प्रधान को वाराणसी मंडल के पंचायत उपनिदेशक के तत्वावधान में देवकली व सादात ब्लाक की की दो दिवसीय संयुक्त अनावसीय महिला ग्राम प्रधान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और लैंगिक समानता विषय के बाबत सभी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्र लाल यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद महिला प्रधानों से कहा कि वो अपने अधिकारों व नैतिक दायित्वों को समझकर गांव के विकास में जुट जाएं। इस दौरान प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, ग्रामसभा, ग्राम पंचायत का गठन, प्रधान की भूमिका व दायित्वों, ग्राम प्रधान को पद से हटाने की प्रक्रिया, सतत विकास के लक्ष्य, लिंग आधारित भेद भाव आदि को लेकर जागरूक करते हुए जानकारी दी गई। ट्रेनर कन्हैया, श्रीराम गौतम व सुनील सिंह ने संविधान मे दिये गये अधिकारों का उल्लेख करते हुए सभी को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी जमालुद्दीन अली, संजय शर्मा, इरशाद जफर, आशुतोष सिंह, एडीओ एसआईबी सुनील सिंह, चंदौली के वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबंधक डीपीआरसी, मनोज चौबे आदि रहे।

## सशस्त्र समर की जमीन तैयार करने वाले आदि क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के को नमन कर दी श्रृद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। स्वाधीनता संग्राम में आजादी के दीवानों की महती भूमिका के मद्देनजर सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत आजादी के समर के आदि क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धान्जलि देते हुये कहा कि वासुदेव बलवन्त फड़के भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन के जनक थे। वासुदेव बलवन्त का 4 नवम्बर 1845 को बलवन्त और सरस्वती बाई के घर ब्राह्मण परिवार मे जन्म हुआ था। वासुदेव ने हाईस्कूल करने के बाद बाबू की नौकरी भी की। वासुदेव फड़के पहले क्रातिकारी थे, जिन्होंने गोरों के विरूद्ध सशस्त्र विद्रोह किया। हथियार खरीदने के लिए कई राजनैतिक डकैतियां डाली। मां की बरसी पर इन्हें अवकाश न मिलने पर यह पूरी तरह अंग्रेजों के खिलाफ हो गये। इन्हें 1879 मे गिरफ्तार कर गोरों ने आजन्म कारावास की सजा दी। जेल मे ही 17 फरवरी 1883 को इनका निधन हो गया। देश मे इन्होंने सशस्त्र समर की जमीन तैयार की। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। श्रृद्धांजलि कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, दिलीप अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, महावीर, संतोष, भोलूसिह, प्रिन्स, आशुतोष, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।

## सरकारी बारातशाला के निर्माण के लिये यूथ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। नगर में एक सरकारी बारातशाला का निर्माण करवाने या नगर पालिका की जमीन को किसी संस्था के नाम आवंटित करने के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के निस्तारण की मांग यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने की है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र की अगुवाई में कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पंहुचकर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मौदहा कस्बे की निम्न वर्ग की आबादी बहुतायत बताते हुये कहा गया है कि अब तक कस्बे में एक भी न तो सरकारी बारात घर है और न ही नगर पालिका द्वारा बारात ठहरने की जगह। जिससे निम्न वर्ग की आबादी को शादी आदि कार्यक्रमों में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यूथ कांग्रेस ने सरकारी बारातघर का निर्माण कराने या बारातघर के लिये चिन्हित नगर पालिका की सरकारी जमीन को किसी संस्था के नाम आवंटित करने की मांग की है ताकि संस्था बारातघर का निर्माण करवा सके। इस दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र, विधानसभा अध्यक्ष अंकुश गुप्ता, सलमान खान, श्यामबाबू, शिवपूजन, धर्मेंद्र, रामजीवन, अरबाज, रघुवंश निषाद, शाहिद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दोहरीकरण के बाद नहीं दिया मुआवजा किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुआवजा पाने को भटक रहे किसानों का बगैर एग्रीमेंट के रेलवे ठेकेदारों पर काम शुरू कराने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए पत्योरा गांव के कुछ किसानों की जमीनों को चिह्नित कर उन्हें मुआवजा देने की बात कहने के बाद भी किसानों की जमीन का न तो एग्रीमेंट हुआ और न ही मुआवजा मिला। किसानों का आरोप है कि रेलवे का कार्य करा रही कंपनी के ठेकेदार ने उनकी जमीन पर कार्य शुरू करा दिया है। जिससे उनकी उपजाऊ जमीन खराब हो रही है। पीडित किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

कानपुर से बांदा रेल मार्ग में दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें करीब 12 किसानों की जमीन चिह्नित की गई है लेकिन अभी तक न तो एग्रीमेंट हुआ और न ही मुआवजा दिया गया है। पीड़ित किसान श्रीकृष्ण निषाद, भूरा, जगमोहन, लल्लू, बिंदा, बिरजू, अमरचंद, राजाराम, रामकली कलबतिया आदि ने बताया कि उनकी कृषि जमीन यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन से रेलवे पुल के बीच पड़ती है। जो रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए विभाग ने चिह्नित की थी। जिसके लिए कार्यदायी संस्था जीपीटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड ने एग्रीमेंट कर मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया और उनकी उपजाऊ जमीन पर कार्य शुरू करा दिया गया है। जिससे जमीन खराब हो रही है व फसल की बुआई भी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर सोमवार को गांव के करीब एक दर्जन किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जमीन का मुआवजा नहीं मिला तो उनका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। रेलवे के झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि रेलवे सीधे किसानों की जमीन का अधिग्रहण नहीं करता है। जिला प्रशासन के माध्यम से जमीन अधिगृहित की जाती है। दोहरीकरण के लिए किसानों की जमीन ली गई है अथवा नहीं उन्हें जानकारी नहीं है।

## नैतिकता मानव मूल्यों की वह व्यवस्था है जो मनुष्य के अधिक सुखमय जीवन के लिए उसके व्यवहार को आकार देती है :राजेश

**● ।।नैतिकता सदैव सद्भावना के ओत प्रोत हो सत्य एवं न्याय का राह दिखाती है ।अच्छे आचरण एवं उत्तम विचार का मार्ग सदैव नैतिकता ही सिखाती है ।।**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज। नैतिकता मानव मूल्यों की वह व्यवस्था है जो मनुष्य के अधिक सुख में जीवन के लिए उसके व्यवहार को आकर देती है यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा उरुवा मेजा प्रयागराज एवं एडवोकेट रोहित पाण्डेय से उनकी बहन के शुभ विवाह के अवसर पर उनके निज निवास शुक्लपुर मेजा प्रयागराज में कही ।संज्ञानित कराते चले कि जिला मंत्री ह्रदयकर्णिका पूजा पाण्डेय सुपुत्री पं०रत्नेश पाण्डेय(शास्त्री) के शुभ विवाह के अवसर पर शुक्लपुर मेजा प्रयागराज पधारे हुए थे ।जिला मंत्री ने ह्रदयकर्णिका पूजा पाण्डेय सुपुत्री पं०रत्नेश पाण्डेय( शास्त्री ) को स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की छोटी बहन जहाँ भी रहे ताउम्र सदा सुखी रहे एवं दुःख का साया उससे हजारों कोशों दूर रहे और उसका जीवन सदैव खुशियों से भरा रहे ।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नैतिकता मानव मूल्यों की वह व्यवस्था है जो मनुष्य के अधिक सुखमय जीवन के लिए उसके व्यवहार को आकर देती है क्योंकि नैतिकता सदैव सद्कर्म एवं अच्छे आचरण को जन्म देती है जिससे मनुष्य सदैव सद्गुणों को अपने ह्रदय में अभिसिंचित करता जाता है और दुगुणों से बच जाता है और उसका आगामी जीवन सुखमय होता जाता है ।मनुष्य में अच्छे आचरण एवं उत्तम विचार तो नैतिकता के फलस्वरुप ही उत्पन्न होते हैं ।जिला मंत्री ने आगे कहा कि इस संसार में वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य खाली हाथ ही आता है और खाली हाथ ही जाएगा ।यहाँ तक कि यह नश्वर भौतिक शरीर भी मिट्टी में मिल जाएगी ।मनुष्य का मूल जीवन सदैव सत्य एवं न्याय पथगामी होकर दया,प्रेम,परोपकार एवं सहानुभूति को अपने आत्मा में अभिसिंचित करना है जिससे यह प्राप्त मानव जीवन सफल हो सके ।जिला मंत्री ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि नैतिकता सदैव सद्भावना के ओत-प्रोत हो सत्य एवं न्याय का राह दिखाती है,अच्छे आचरण एवं उत्तम विचार का मार्ग सदैव नैतिकता ही सिखाती है। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा नैतिकता का वर्णन बहुत ही सुन्दर एवं सार्वभौमिक सत्यता में वर्णित किया गया है ।वास्तव में मनुष्य को नैतिकता के गुणों को अपने ह्रदय में परिलक्षित कर सदैव सत्य एवं न्याय के पथ पर चलते हुए अपने प्राप्त मानव जीवन को परिपूर्ण करना चाहिए ।यहीं मनुष्य का वास्तविक जीवन है ।इस साहित्यिक एवं मानव कल्याणकर वार्ता के दौरान जिला मंत्री के साथ वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला,हिन्दू महासभा महामंत्री राकेश तिवारी,मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा उरुवा मेजा प्रयागराज रोहित पाण्डेय,समाजसेवी एवं नवयुवक भाजपा नेता राजीव तिवारी( राजू ) ,नवयुवक भाजपा नेता पवन मिश्रा,नवयुवक तेज तर्रार पत्रकार राजेश गौड़( चाइना ) ,शिक्षाविद कमलेश पाण्डेय एवं शिक्षाविद जोखू लाल पटेल सहित आस पास बहुत से क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फाइनल मुकाबले में डॉक्टर संदीप ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**हीरोज इलेवन ने टाइगर क्लब को हराकर जीता फाइनल मुकाबला**

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी उपस्थित रहे। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हीरोज 11 और टाइगर क्लब के बीच खेला गया जिसमें हीरोज 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 17 ओवरों में 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर क्लब ने 13 ओवर में 66 रन बनाकर 5 विकेट पर फाइनल मुकाबला जीत लिया। टाइगर क्लब की ओर से नोमान ने चार ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पदक से सम्मानित किया गया। हीरोज 11 की ओर से पूरे टूनार्मेंट में दानिश ने सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट और बेस्ट बॉलर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। वहीं हीरोज 11 की ओर से अमित ने टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाये इसके लिए उनको बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। खिलाड़ियों और आगंतुकों को संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ० संदीप ने कहा क्रिकेट भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है। हर खेल में किसी की जीत और किसी की हार होती है लेकिन दोनों टीमों का संयुक्त रूप से क्रिया गया प्रयास खेल को रोचक बनता है। हर खेल में अच्छे प्रदर्शन से आवश्यक खेल भावना के साथ मैदान में उतरना है। शारीरिक सेहत बनाए रखने के लिए हमें किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना चाहिए खेल चाहे इंडोर हो या आउटडोर सभी खेल सेहत के लिए लाभदायक है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमारी समिति लगातार प्रयास कर रही है समय-समय पर हम कई कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं और हमारा उद्देश्य है किसी अभाव में किसी भी खिलाड़ी की प्रतिभा का दमन न हो सके। इस आयोजन में मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब कमेटी से मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजीत रायकवार, आयोजक राहुल शुक्ला, संरक्षक अंकित शुक्ला, मान्य सक्सेना व बॉबी और रवि उपस्थित रहे वहीं संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, अनुज प्रताप सिंह, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल, राजू सेन, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## मिशनशक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं बालिकाओं को पुलिस द्वारा किया जागरुक

**समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।**

**महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया है।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान ( फेज-05 ) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल लगाकर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में विभिन्न थानों पर नियुक्त महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत कराया जाये पूर्ण-जिलाधिकारी।**

**शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने वाले कार्यालयाध्यक्षों को कार्यवाही के निर्देश-जिलाधिकारी।**

**बैठक में अनुपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी कर, एक दिन के वेतन भुगतान पर रोक के निर्देश।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, को शत-प्रतिशत पूरा करते हुए करते हुए ए ग्रेड में लाना सुश्चित करेंगें। समीक्षा बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनुपस्थित रहें, जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए एक दिन के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों की होगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा भवन अथवा सड़क निर्माण में वन विभाग से आपत्ति सम्बन्धी प्रकरण है, तत्काल पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाये, ताकि ससमय समस्या का समाधान कराया जा सकें। उन्होंने पेयजल परियोजना की गहन समीक्षा करते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि आगामी गर्मी के दिनों में जनपद जो भी पेयजल परियोजनाएं अधूरे हैं, निर्माण कार्य तत्काल पूरा किया जाये, इसमें शिथिलता न बरती जायें। गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता होगी, इसलिए जनपद में पानी उपलब्ध हो सकें, इसकी तैयारी पूरी कर ली जाये, ताकि लोगों को गर्मी के दिनों में पर्याप्त मात्रा में पानी की कमी न होने पायें। सोन नदी के साथ ही अन्य बड़े जलाशयों का पानी नहरों में छोड़ने से पहले स्टोर किये गये जल स्तर की समीक्षा अवश्य कर ली जाये, ताकि आगामी गर्मी के दिनों में जनपद में पानी की उपलब्धता बनी रहें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लाते हुए ए ग्रेड की श्रेणी में लाया जाये।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर में साथ नजर आए थे। दर्शकों ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म को खूब पसंद किया था। भारत में ये फिल्म हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को 17 साल पूरे हो गए हैं। अब ऋतिक और ऐश्वर्या की फिल्म को लेकर ऑस्कर ने खास ऐलान किया है। ऑस्कर अवॉर्ड के आयोजक 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। आशुतोष गोविरकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म जोधा अकबर की मार्च में स्पेशल स्क्रीनिंग होगी।

## लाइफ Style

# कृति

## कबीर के साथ बसाने वाली हैं घर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ उनकी रिलेशनशिप की खबरें अक्सर आती हैं। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है। काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बेंगलुरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# जर्सी पहन दर्शकों को दिया सरप्राइज

**मुंबई।** 'परफेक्ट' और 'शेप ऑफ यू' जैसे हिट गानों के फेमस सिंगर एड शीरन ने 15 फरवरी, शनिवार को गुरुग्राम में लाइव परफॉर्मेंस दी। ये उनके 'द मैथमैटिक्स टूर' का आखिरी कॉन्सर्ट था, जिसका समापन ग्रैंड तरीके से हुआ। इस कॉन्सर्ट के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के आखिरी में एड शीरन ने टीम इंडिया की जर्सी भी पहनी और दर्शकों को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहने देख फैंस खुशी से झूम उठे।



# कान्ये वेस्ट और बियांका नहीं ले रहे तलाक...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और बयिांका सेंसोरी की तलाक की खबरें झूठी निकली हैं। कपल की टीम ने बयान जारी करते ही इन अफवाहों का खंडन किया है। साथ ही बताया है कि कपल इस वक्त लॉस एंजिल्स में है। 'बीते कुछ समय में यह पांचवीं या छठी बार है, जब मीडिया में गलत तरीके से इस तरह की अफवाह उड़ी है। बता दें कि इससे पहले 'डेली लाइफ' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि ग्रैमी इवेंट में हुई फजीहत के बाद रैपर और उनकी पत्नी ने अलग होने का फैसला किया है। इसमें रैपर के करीबी दोस्तत के हवाले से कहा गया है कि इस तलाक के लिए बियांका ने 5 मिलियन डॉलर की एलिमनी मांगी है।



# तीन हिंदी फिल्में साइन कर चुकीं हैं मावरा

**मुंबई।** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। मावरा की फिल्म को पहली रिलीज पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि, अब इस फिल्म को फैंस बहुत सराह रहे हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मावरा ने 'सनम तेरी कसम' फिल्म शूट करने के बाद तीन अन्य हिंदी फिल्में भी साइन की थीं। मावरा ने बताया कि इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अलग-अलग कारणों से उन्हें इन फिल्मों से पीछे हटना पड़ा था। अभिनेत्री ने इस बारे में खुलकर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने के बाद वह फिल्म जिन लोगों के हिस्से आती है, फिल्म पर उन्हीं का हक होता है। अभिनेत्री ने 'सनम तेरी कसम 2' फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर भी बात की।



# हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते आए नजर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर आयुष्मान खुराना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें 'मां तुझे सलाम'गीत गाते हुए और उस पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। दरअसल, अभिनेता ने वडोदरा में 'महिला प्रीमियर लीग 2025' की ओपनिंग नाइट पर एक यादगार प्रस्तुति दी। इस दौरान अभिनेता ने 'मां तुझे सलाम'गाने पर प्रदर्शन किया। सामने आए वीडियो में आयुष्मान खुराना हाथ में तिरंगा लेकर मैदान में दौड़ते हुए और एआर रहमान के गाने 'मां तुझे सलाम'गाने पर प्रस्तुति देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आएं। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी शानदार प्रस्तुति को भारत की भावना और महिला शक्ति को समर्पित किया। अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'थामा' पर काम कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल शर्मा ने भी किया था माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट

**नई दिल्ली।**'इंडियाज गॉट लैटेंट'में रणवीर इलाहाबादिया के माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान ने उन्हें मुश्किलों में डाल दिया है। एक तरफ सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध हो रहा है। दूसरी ओर वह कानूनी पचड़े में फंसते भी नजर आ रहे हैं। रणवीर और समय रैना के शो को बंद करने की भी अपील की जा रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मामले में दो पक्ष सामने आ रहे हैं। एक वह जो रणवीर और समय का विरोध कर रहे हैं और दूसरे वह जिनका कहना है कि सिर्फ इन्हें ही क्यों टार्गेट किया जा रहा है और भी कई ऐसे शो हैं, जो इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। इस बीच नेटिजन्स के एक वर्ग ने कपिल शर्मा का एक पुराना वीडियो खोज निकाला है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक संकेत दिया था। रणवीर के आपत्तिजनक बयान मामले के बाद सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा के शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट किया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने टिप्पणी की कि कैसे यह जोक नेशनल टीवी पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने कपिल के जोक को रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी में समानताएं बताई हैं। कुछ लोगों ने इस साफ तौर पर अश्लील भी कहा है। स्टैंड अप कॉमेडियन और 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट और निर्माता समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए हैं। विवाद होने के बाद समय ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

## लड़ो-झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की जज अर्चना पूरन सिंह फिल्म इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो हमेशा ही चर्चा में रहती हैं।अर्चना और परमीत सेठी की जोड़ी को इंडस्ट्री में 'परफेक्ट कपल' के तौर पर देखा जाता है। दोनों की शादी को 33 साल हो चुके हैं, लेकिन इसी बीच अर्चना ने खुलासा किया उनके और परमीत के बीच काफी लड़ाई होती है। शादी के सवाल पर अर्चना जोर देकर कहती हैं कि कोई भी शादी बिना उतार-चढ़ाव के नहीं होती। उन्होंने कहा, 'जो लोग सोचते हैं कि पति-पत्नी लड़ते नहीं हैं और उनके बीच केवल प्यार होता है, ऐसा नहीं है। हम बहुत लड़ते हैं। तू-तू, मैं-मैं होती है, लेकिन प्यार जो है, वो तू-तू, मैं-मैं को ठीक कर देती है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। लोग कहते हैं अर्चना परमीत तुम एक परफेक्ट कपल हो, लेकिन कुछ भी परफेक्ट नहीं होता। हमें अपनी शादी में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। और, इतने सालों से हमारी शादी कायम है, इसका मतलब है कि हमने कुछ सही किया है। लड़ो झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ।'



# अमिताभ को सामने देखते ही अक्षय ने छू लिए पैर...

**मुंबई।** महाराष्ट्र ठाणे में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फिनाले एक शानदार और सितारों से सजा आयोजन रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार अक्षय कुमार और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर इन सितारों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में अक्षय और अमिताभ बच्चन के बीच खास रिश्ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन को सामने देखते ही अक्षय कुमार उनके पैर छूने लगते हैं। बाद में दोनों एक- दूसरे को गले लगाते हैं और बातचीत करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को खूब प्यार मिल रहा है। एक्टर की तारीफ हो रही है।



अक्षय और अमिताभ वक्त, एक रिश्ता जैसी फिल्मों में पिता-बेटे के किरदार में नजर आए थे। अमिताभ बच्चन को वीआईपी स्टैंड में सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जहां वह मजी मुंबई टीम को सपोर्ट कर रहे थे।

# बेड पर लेटकर किया डायरेक्शन, बंद हुई शूटिंग तो हीरो ने किया बजट का जुगाड़

*नई दिल्ली। सुपरस्टार आमिर खान की 'लगान' इंडियन सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसका डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी। आमिर खान की 'लगान' के लिए अपूर्व लखिया ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान का किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि स्लिप डिस्क की समस्या की वजह से आशुतोष गोवारिकर ने बेड पर लेटकर 'लगान'का डायरेक्शन किया था। एक इंटरव्यू के दौरान अपूर्व लखिया ने फिल्म 'लगान' को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, 'जब आमिर बोर हो जाते थे, तो वे गुजरात भर से शतरंज के चैंपियन्स को शूटिंग पर बुलाते थे और ब्रेक के दौरान उनके साथ खेलते थे। वहां चारों ओर ताश के खेल भी चलते रहते थे। लोगों को खुद का मनोरंजन करना ही पड़ता था, है ना?' अपूर्वा ने उस समय का भी जिक्र किया जब अशुतोष गोवारिकर स्लिप डिस्क की समस्या के कारण बेड पर लेटकर 'लगान' डायरेक्ट कर रहे थे।*

## रिलीज के बाद फिल्म ने जीते थे 8 नेशनल अवॉर्ड

*आशुतोष ने बेड पर लेट किया डायरेक्शन :* उन्होंने कहा, 'अगर आप तस्वीरें देखेंगे, तो मैं आशुतोष गोवारिकर के बगल में बैठा था माइक के साथ। जो आशुतोष बोलते थे, उसे मैं माइक पर अनाउंस करता था। अशुतोष की मेडिकल इमरजेंसी के दौरान हम बड़े पैमाने पर शॉट्स ले रहे थे। चूंकि हम ऐसे सीन्स शूट नहीं कर रहे थे, जिनमें उन्हें जाकर सीधे एक्टर्स से बातचीत करनी पड़े। इसलिए हम उस मुश्किल से बच गए। लेकिन हां, इसमें हमारी योजना से थोड़ा ज्यादा समय लग गया।'



***220 दिनों का बढ़ गया था शूटिंग शेड्यूल :*** शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया कि 'लगान' जैसी फिल्म एक बार ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमने 80 दिनों का शेड्यूल बनाया था, लेकिन 300 दिनों तक शूटिंग चली। इसके कई कारण थे, जैसे बजट की समस्याएं भी शामिल थीं। दो दिन शूटिंग बंद हो गई थी। इस बीच आमिर ने फंड की व्यवस्था की। फिर सेट पर एक जानवर की मौत हो गई और मेनका गांधी की टीम शूटिंग रोकने के लिए आ गई। हमने बहुत ठंडे मौसम में शूटिंग शुरू की और बहुत गर्म मौसम में भी जारी रखी थी।'

***56 डिग्री तापमान में की थी गाने की शूटिंग:*** अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि आमिर और ग्रेसी सिंह के गाने 'ओ रे छोरी'को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान में शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'हम केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4.30 से 6.30 बजे तक शूट कर सकते थे।

## हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उठाते हैं मजा

# एक्टर्स की हूबहू नकल करते हैं ये डबिंग आर्टिस्ट, लगते हैं असली

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सिनेमा को इस वक्त साउथ की फिल्में जोरदार टक्कर दे रही हैं। पहले जहां हिंदी सिनेमा में साउथ की फिल्मों की कहानी को ज्यों का त्यों रीमेक कर दिया जाता था, वहीं अब हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग और मिमिक्री आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उसी फील और परफेक्शन के साथ मजा उठा पा रहे हैं। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ कमाल के डबिंग आर्टिस्ट के बारे में जो साउथ एक्टर्स की आवाज के लिए डबिंग तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही साथ बॉलीवुड के तमाम कलाकारों की भी हूबहू नकल उतार देते हैं।*



**चेतन शशितल :** चेतन शशि डबिंग की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्हें लोग 'बिग सी' के नाम से भी जानते हैं। यह नाम भी चेतन को उनके डबिंग टैलेंट की वजह से मिला है। शशि अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल उतार देते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा वह अमरीश पुरी, धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और शत्रुघ्न सिन्हा की भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**संकेत म्हात्रे :** डबिंग की दुनिया में संकेत म्हात्रे भी काफी मशहूर चेहरा हैं। संकेत नाना पाटेकर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल तो करते ही हैं, लेकिन इन बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ उन्होंने तमाम हॉलीवुड किरदारों के लिए भी अपनी आवाज दी है।



**राजेश खट्टर :** बॉलीवुड फिल्मों में बतौर एक्टर काम कर चुके ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर डबिंग के भी एक्सपर्ट हैं। राजेश खट्टर ने कई हॉलीवुड एक्टर्स के लिए डबिंग की है और अमिताभ बच्चन की आवाज की हूबहू डबिंग करते हैं।



**शरद केलकर :** एक्टर शरद केलकर एक कमाल के एक्टर होने के साथ-साथ एक गजब के डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। शरद केलकर ने देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बाहुबली और बाहुबली-2 के लिए प्रभास के किरदार को आवाज दी है।



**मनोज पांडे :** डबिंग की दुनिया के बेताज बादशाह मनोज पांडे मनोज पांडे ने बाहुबली फिल्म सीरीज के किरदार भल्लालदेव को आवाज दी थी। इसके अलावा वो कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**समय राज ठक्कर :** साउथ के सुपरस्टार्स की आवाज डब करने के मामले में समय राज ठक्कर का नाम सबसे ऊपर आता है। समय रजनीकांत और कमल हासन जैसे एक्टर्स की आवाज हिंदी में डब करते हैं, लेकिन वो उनकी ऑरिजनल वाइस को भी हूबहू कॉपी कर देते हैं।



**निनात कामत :** मार्वल फिल्मों के अभी तक के सबसे बड़े विलेन थैनोस की आवाज हिंदी में डब करने वाले एक्टर निनाद कामत कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू कॉपी कर लेते हैं। निनाद ने अनिल कपूर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन तक की आवाज हूबहू कॉपी कर लेते हैं।